gradeup

# मासिक
# जी.के. डाइजेस्ट

जून 2019




www.gradeup.co

# मंथली डाइजेस्ट

# जून - 2019

**प्रिय पाठकों,**
यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट **'जून - 2019'** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल **रेलवे, एसएससी, FCI** और आगामी **परीक्षा** के लिए महत्वपूर्ण है।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. **कला एवं संस्कृति** का एलीफेंटा महोत्सव **मुंबई में** आयोजित हुआ।
   **नोट:** विशाल समारोह का आयोजन एलीफेंटा द्वीप पर किया जाता है और यह महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रोत्साहित है। ये मुख्य रूप से भगवान शिव को समर्पित गुफा मंदिरों का एक समूह है। यह महोत्सव घारापुरी द्वीप पर आयोजित किया जाता है, जिसे पुर्तगालियों द्वारा द्वीप पर हाथी की मूर्ति मिलने के बाद एलिफेंटा नाम दिया गया था।
2. लोगों को **योग का प्रशिक्षण और प्रशिक्षक** प्रदान करने वाले समारोह और केंद्रों का पता लगाने के लिए एक **मोबाइल एप्लिकेशन** आयुष मंत्रालय ने लॉन्च किया।
   **नोट: 'योग लोकेटर'** (Yoga locator) स्थान बताने वाला एक **मानचित्र-आधारित ऐप** है, जो योग प्रशिक्षकों को स्वयं को पंजीकृत करने और भारी संख्या में लोगों तक पहुंचने में सक्षम बनाएगा। मोबाइल ऐप को **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** (21 जून) से पहले लॉन्च किया गया। योग लोकेटर ऐप लोगों को उनके आस-पास के पसंदीदा दायरे में योग केंद्रों के साथ-साथ योग प्रशिक्षकों का पता लगाने में मदद करेगा।
3. कृषि वर्ष 2018-19 के लिए **खाद्यान्न उत्पादन 283 मिलियन टन से अधिक** होने का अनुमान लगाया गया है।
   **नोट:** यह पिछले पांच वर्षों के औसत खाद्यान्न उत्पादन से **17 मिलियन टन** अधिक है। कृषि मंत्रालय के अनुसार, तीसरे पूर्वानुमान के तहत वर्ष 2018-19 के दौरान चावल उत्पादन **115 मिलियन टन** से अधिक है, (इससे पिछले वर्ष 2017-18 में 112 मिलियन टन)। गेहूं का उत्पादन भी 101 मिलियन टन से अधिक दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.33 मिलियन टन अधिक है। दालों का कुल उत्पादन 23 मिलियन टन से अधिक होने का अनुमान है।
4. **दूसरे वैश्विक दिव्यांग शिखर सम्मेलन** में भाग लेने के लिए अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स **श्री थावरचंद गहलोत गए थे।**
   **नोट:** केंद्रीय मंत्री **श्री गहलोत** ने यूके के लंदन में आयोजित **पहले वैश्विक दिव्यांग शिखर सम्मेलन** में भी भाग लिया था। **तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन** का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण और समावेश के बारे में दुनिया भर के मुद्दों पर विचार-विमर्श करना और उन्हें एक आत्मनिर्भर एवं सम्मानित जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए एक तंत्र तैयार करना है। दूसरा वैश्विक दिव्यांग शिखर सम्मेलन अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में (6 जून से 8 जून, 2019 तक) आयोजित किया जाएगा।
5. **7वीं आर्थिक जनगणना** की तैयारी **नई दिल्ली में** शुरु हुई।
   **नोट:** जन सेवा केंद्र (CSC) पहली बार जनगणना में भागीदार हैं, CSC के कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करना मंत्रालय की जिम्मेदारी है ताकि उनके द्वारा संग्रहित जानकारी प्रभावी और बेहतर गुणवत्ता वाली हो। आर्थिक जनगणना देश के सभी



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

प्रतिष्ठानों के विभिन्न परिचालन और संरचनात्मक परिवर्ती कारकों पर विभिन्न जानकारी प्रदान करती है। जनगणना का परिणाम जनवरी 2020 में जारी किया जाएगा। **आर्थिक जनगणना** देश की भौगोलिक सीमा के अंदर स्थित सभी आर्थिक प्रतिष्ठानों की संपूर्ण गणना है।

6. तमिलनाडु के **विल्लुपुरम जिले** के 20 गांवों में **L&T फाइनेंशियल सर्विसेज** (LTFS) के **डिजिटल सखी** कार्यक्रम की शुरूआत की गई।
**नोट:** यह ग्रामीण महिलाओं के **डिजिटल वित्तीय समावेश** के उद्देश्य से एक शैक्षणिक कार्यक्रम है। श्री अरबिंदो सोसाइटी के साथ मिलकर LTFS 100 ग्रामीण महिलाओं (डिजिटल सखियों) की एक टीम को डिजिटल समर्थ बनाने हेतु प्रशिक्षित करेगा, यह समूह बाद में भुगतान के डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके लगभग **40,000 अन्य लोगों को प्रशिक्षित** करेगा। कंपनी ने उद्यम विकास प्रशिक्षण और कौशलवृद्धि के लिए डेयरी, मुर्गीपालन और बकरी-पालन जैसे व्यवसायों की 500 महिलाओं की पहचान की है।

7. **वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण** ने **जापान में** आयोजित **G-20 समूह** के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की दो दिवसीय बैठक में भाग लिया।
**नोट:** सुश्री सीतारमण के अलावा, RBI गवर्नर **शक्तिकांत दास** ने भी जापान के फुकुओका में बैठक में भाग लिया। बैठक में विचार-विमर्श के बाद **28-29 जून को ओसाका** में G-20 लीडर्स समिट का आयोजन किया जाएगा। G-20 समूह में भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, चीन, रूस, सऊदी अरब, ब्राजील, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया अन्य राष्ट्र आते हैं। G-20 की बैठकें प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर चर्चा करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था के स्थिर और स्थाई विकास को हासिल करने हेतु समन्वय करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली में प्रमुख देशों को एक मंच प्रदान करती हैं।

8. **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन** (ISRO) ने चंद्रमा पर भारत के दूसरे अंतरिक्ष यान को लॉन्च करने के लिए उपयुक्त समय निर्धारित किया -- **चंद्रयान-2**।
**नोट:** इसरो के सूत्रों ने पुष्टि की है कि GSLV मार्क -III **चन्द्रयान -2 को श्रीहरिकोटा** से निर्धारित समय पर लॉन्च करेगा। चंद्र मिशन के **तीनों मॉड्यूल ऑर्बिटर, लैंडर-विक्रम** और रोवर-प्रज्ञान तैयार हैं। **मॉड्यूल का बेंगलुरू** में इसरो के उपग्रह एकीकरण एवं परीक्षण संस्थान परिसर में परीक्षण किया गया और अब ये इसरो के श्रीहरिकोटा स्पेसपोर्ट में स्थानांतरण के लिए तैयार हैं। भारत चंद्रमा के **दक्षिणी ध्रुव** में रोवर लॉन्च करने वाला दुनिया का पहला देश बनकर इतिहास रचने की कगार पर है।

9. वर्ष 2019-20 के लिए **12-12.5%** की सीमा में छोटी और मध्यम **निजी कारों के थर्ड पार्टी** (टीपी) मोटर बीमा के प्रीमियम में **बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने** वृद्धि की।
**नोट:** दोपहिया और भारी वाहनों के लिए **थर्ड पार्टी मोटर बीमा प्रीमियम** में भी बढ़ोतरी की गई है। नई दरें **16 जून, 2019** से लागू होंगी।

10. **'क्रिकेट वर्ल्ड कप: द इंडियन चैलेंज'** शीर्षक वाली पुस्तक **आशीष रे ने** लिखी।
**नोट:** यह पुस्तक भारतीय परिप्रेक्ष्य से टूर्नामेंट के इतिहास पर आधारित है। इस पुस्तक में वर्ष 1975 से 2015 तक के सभी टूर्नामेंटों और इसके साथ ही सेमी-फाइनल और फाइनल (चाहे उनमें भारत हो या न हो) की जानकारी दी गई है। पुस्तक का औपचारिक अनावरण इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी टॉम हैरिसन द्वारा किया गया।

11. जापान के **त्सुकुबा शहर** में व्यापार एवं **डिजिटल अर्थव्यवस्था** पर दो दिवसीय **G20 मंत्रिस्तरीय बैठक** के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व **पीयूष गोयल ने** किया।



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

**नोट:** श्री **गोयल वैश्विक व्यापार** की स्थिति के विकास, WTO के मामलों और डिजिटल व्यापार पर चर्चा करेंगे। वह भाग लेने वाले अन्य व्यापार मंत्रियों के साथ वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश पर वार्ता भी करेंगे। G-20 व्यापार मंत्रियों के विचार-विमर्श औपचारिक चर्चा में **G-20 शिखर सम्मेलन** के नेताओं के एजेंडे का हिस्सा बनेगा और शिखर सम्मेलन घोषणा का भी हिस्सा होंगे।

12. **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2019** समारोह का मुख्य कार्यक्रम (21 जून), 2019 को **रांची (झारखंड) में** आयोजित किया गया।
**नोट:** प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** मुख्य समारोह का नेतृत्व किये। रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खुले आसमान के नीचे लगभग **35 हजार लोग योग दिवस** के कार्यक्रम में भाग लिए। इस वर्ष **21 जून** को रांची में आयोजित होने वाला **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर्यावरण** के अनुकूल होगा, इसलिए सामान्य रूप से प्रयोग की जाने वाली रबड़ की मैट के स्थान पर खादी योगा मैट का उपयोग किया जाएगा।

13. केंद्र सरकार ने **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN)** योजना के तहत लाभार्थी किसानों को प्रति वर्ष छह हजार रुपये का लाभ देने के अपने फैसले को अधिसूचित किया।
**नोट:** अब, चालू वित्त वर्ष में संशोधित योजना में अनुमानित 87 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च के साथ और दो करोड़ किसानों के शामिल होने की उम्मीद है। इस फैसले से देश के सभी 14.5 करोड़ किसानों को देश में उनकी कृषि योग्य भूमि की परवाह किए बिना लाभ प्रदान किया जाएगा। प्रधान मंत्री किसान योजना की घोषणा अंतरिम बजट में की गई थी, जिसके तहत सरकार ने लगभग 12.5 करोड़ छोटे एवं सीमांत किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये प्रदान करने का निर्णय लिया था।

14. विदेश मंत्री **एस. जयशंकर** ने **कैलाश मानसरोवर यात्रा - 2019** के पहले जत्थे को कहां से हरी झंडी दिखाकर **नई दिल्ली से** रवाना किया।
**नोट:** प्रत्येक जत्थे के लिए यात्रा की अवधि **24 दिनों की** है जिसमें दिल्ली में शुरुआती तीन दिन शामिल हैं। यह यात्रा हर वर्ष जून और सितंबर के बीच विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित की जाती है। यात्रा के दो मार्ग हैं: **लिपुलेख दर्रा** (उत्तराखंड) के माध्यम से और **नाथू ला दर्रा** (सिक्किम) के माध्यम से। लिपुलेख दर्रे वाले मार्ग में 60 तीर्थयात्रियों के कुल 18 जत्थे रवाना किए जाएंगे। नाथू ला दर्रा, सिक्किम से होकर जाने वाला मार्ग वाहन ले जाने योग्य है और यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपयुक्त है जो कठिन पैदल यात्रा नहीं कर सकते हैं।

15. **इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी** (ICAT) ने **भारत स्टेज – VI (BS - VI) मानदंड** लिए भारत का पहला **टाइप अप्रूवल सार्टिफिकेट** (TAC) जारी किया।
**नोट:** यह प्रमाणपत्र **दिनेश त्यागी** (निदेशक ICAT) द्वारा OEM (मूल उपकरण निर्माता) द्वारा शीर्ष अधिकारियों को जारी करके सौंप दिया गया। 1 अप्रैल 2020 से, **भारत चरण (BS) -VI मानदंड मोटर वाहन** उत्सर्जन मानदंड हैं जिन्हें वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण के बढ़ते खतरे को रोकने के लिए लागू किया जाना है। इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (ICAT) भारत और विदेश में वाहन एवं उसके घटक निर्माताओं को परीक्षण और प्रमाणन सेवाएं प्रदान करने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिकृत प्रमुख परीक्षण और प्रमाणन एजेंसी है।

16. प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** ने **बियारित्ज़ में** होने वाले **G-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र** में विशेष अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए **फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों** के आमंत्रण को स्वीकार किया।
**नोट:** विदेश मंत्रालय के **अधिकारी रवीश कुमार** के अनुसार, यह निमंत्रण दोनों नेताओं के बीच व्यक्तिगत



SSC 2019 प्लस पैक फ्री मॉक लें

मित्रता को दर्शाता है। G-7 शिखर सम्मेलन (45 वां) **25 से 27 अगस्त, 2019** को फ्रांस के नॉवेले-एक्विटाइन में स्थित बियारित्ज़ शहर में आयोजित किया जाएगा।

17. केंद्र सरकार ने निजी व्यापारियों के लिए **अक्टूबर, 2019** तक **तुअर दाल पर आयात सीमा** को बढ़ाकर चार लाख टन करने का फैसला किया।
**नोट:** खाद्य मंत्री **राम विलास पासवान** की अध्यक्षता वाली अंतर-मंत्रालयी समिति ने **सहकारी विपणन संघ Nafed** को खुले बाजार में **दो लाख टन मसूर दाल** पहुंचाने को कहा। यह उपाय तुअर दाल की उपलब्धता बढ़ाने और मूल्य वृद्धि की जांच करने में मदद करेगा, जिसे मनोवैज्ञानिक दृष्टि से यह मानकर तैयार किया गया है कि मानसून वर्षा में देरी से उत्पादन में कमी हो सकती है। केंद्र सरकार के पास **39 लाख टन दाल** का बफर स्टॉक है, जिसमें से तुअर दाल की मात्रा लगभग 7.5 लाख टन है।

18. गुजरात के कांडला स्थित **दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट** में एक बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम **राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA)** ने आयोजित किया।
**नोट:** प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य CBRN (रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु संबंधी) खतरों का जवाब देने के लिए जागरूकता फैलाना और सीपोर्ट इमरजेंसी हैंडलर्स (SEH) की तत्परता को बढ़ाना है। इसमें 42 देशों के 600 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

19. **योग के संदेश** को फैलाने में मीडिया के योगदान को दर्शाने के लिए वर्ष 2019 से **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान** (AYDMS) के पहले संस्करण की शुरुआत **सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (I&B) ने** की।
**नोट:** समाचार पत्र (11), टेलीविजन (11) और रेडियो (11) जैसी 3 श्रेणियों में **कुल 33 पुरस्कार** प्रदान किए जाएंगे।AYDMS के लिए कवरेज का समय 10 से 25 जून, 2019 तक होगा और पुरस्कार जुलाई, 2019 में वितरित किए जाएंगे।

20. केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री **अर्जुन मुंडा** ने **"अनुसूचित जनजाति कल्याण योजनाओं के लिए ई-शासन पहल"** की शुरुआत की।
**नोट:** इस अवसर पर नई ई-शासन पहलों पर एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन तैयार किया गया। श्री मुंडा ने अनुसूचित जनजाति कल्याण योजनाओं की इस ई-शासन पहल के लिए जनजातीय मामलों के मंत्रालय के सामूहिक कार्यों की सराहना की। "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" के अनुसार, ये ई-शासन पहल देश भर में आदिवासी समुदायों की बेहतरी के उनके उद्देश्य की पूर्ति करेंगी।

21. भारत ने DRDO द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित **हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल** (HSTDV) की पहली उड़ान का **ओडिशा तट से** सफल परीक्षण किया।
**नोट: रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन** (DRDO) ने बंगाल की खाड़ी में डॉ. अब्दुल कलाम द्वीप से परीक्षण किया। इसका उपयोग बहुत कम लागत पर छोटे उपग्रहों को लॉन्च करने के साथ लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों को लॉन्च करने के लिए किया जाएगा। यह एक हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली के विकास में सहायक होगा।

22. प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** ने **राष्ट्रपति भवन में** आयोजित नीति आयोग संचालन परिषद की पांचवीं बैठक में भाग लिया।
**नोट:** बैठक में रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री, कृषि मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री पदेन सदस्य के रूप में शामिल हुए।बैठक से पहले एजेंडे में वर्षा जल संचयन, सूखे की समस्या और राहत के उपाय, आकांक्षी जिला कार्यक्रम, कृषि परिवर्तन और वामपंथी उग्रवादी जिलों पर विशेष ध्यान देने के साथ सुरक्षा से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। पहली बैठक 8 फरवरी, 2015 को आयोजित की गई, जिसमें प्रधान मंत्री ने सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने



SSC 2019 प्लस पैक फ्री मॉक लें

और राज्यों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से राष्ट्रीय मुद्दों को संबोधित करने जैसे नीति आयोग के प्रमुख शासनादेश निर्धारित किए थे।

23. 2019 **वैश्विक शांति सूचकांक** (Global Peace Index) में 163 देशों के बीच भारत का स्थान पांच स्थान खिसककर **141वां** हो गया।
**नोट:** दुनिया में आइसलैंड सबसे शांतिपूर्ण देश (वर्ष 2008 से) और अफगानिस्तान सबसे अशांतिपूर्ण देश (इससे पहले सीरिया) है। वैश्विक शांति सूचकांक रिपोर्ट ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पीस द्वारा जारी की जाती है। वर्ष 2019 की रिपोर्ट में शांति पर जलवायु परिवर्तन के संभावित प्रभावों के नए शोध भी शामिल किए गए हैं।

24. अपने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) के माध्यम से डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए युवाओं को कौशल प्रदान करने हेतु सिस्को और एक्सेंचर के साथ **प्रशिक्षण महानिदेशालय (कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय) ने** करार किया।
**नोट:** भारत के सभी ITI में लगभग 15 लाख छात्र भारत कौशल पोर्टल के माध्यम से डिजिटल लर्निंग मॉड्यूल का उपयोग कर सकते हैं। यह कार्यक्रम अगले दो वर्षों में पूरे भारत की ITI में नामांकित छात्रों को डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए कौशल प्रदान करेगा। कक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभिक चरण एक लाख से अधिक युवाओं को लक्ष्य बनाते हुए तमिलनाडु, गुजरात, बिहार और असम में 227 ITI में शुरू किया जा रहा है।

25. **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** ने **सरकारी मेडिकल कॉलेज, जम्मू में** 120 करोड़ रुपये की लागत से कैंसर संस्थान को औपचारिक रूप से मंजूरी दी।
**नोट:** गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (GMC) जम्मू में सुविधा शुरू होने से रोगियों को अब विशेष उपचार सुविधाओं (विशेष रूप से PET स्कैन सुविधा) के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

26. **सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय** (MSME) ने **अंतर्राष्ट्रीय SME सम्मेलन 2019** के दूसरे संस्करण का आयोजन **नई दिल्ली में** किया।
**नोट:** अंतर्राष्ट्रीय SME सम्मेलन 2019 भारतीय बाजार में अवसर पर गहन व्यापार परिचर्चा और बातचीत के लिए एक मंच प्रदान करेगा। अंतर्राष्ट्रीय SME सम्मेलन उद्यम विकास के लिए सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों पर चर्चा करने और इन्हें साझा करने, व्यापार चर्चाओं को सुविधाजनक बनाने और दुनिया भर से अभिनव, प्रगतिशील और दीर्घकालिक लघु एवं मध्यम उद्यमों द्वारा और उनके बीच व्यापारिक साझेदारी को प्रोत्साहित करने का सबसे महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय मंच है।

27. **मत्स्य विभाग** के अनुसार, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मत्स्य उत्पादक देश **भारत है।**
**नोट:** चीन दुनिया में मछली का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। भारतीय EEZ का 30 प्रतिशत अंडमान, निकोबार और लक्षद्वीप द्वीप समूह में फैला हुआ है, लेकिन केवल 1 प्रतिशत में ही टूना मछली का उत्पादन होता है। हिंद महासागर टूना आयोग (IOTC) का 23वां सत्र 17 से 21 जून, 2019 तक भारत के हैदराबाद में आयोजित किया जा रहा है।

28. स्वीडन की दूरसंचार उपकरण निर्माता कंपनी **एरिक्सन** द्वारा किए गए एक नए अध्ययन के अनुसार, भारत में प्रति स्मार्टफोन औसत डेटा उपयोग सर्वाधिक है -- **9.8 GB प्रति माह।**
**नोट:** 19 जून को जारी की गई रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2024 तक यह आंकड़ा प्रति माह दोगुना होकर 18 GB होने की संभावना है। 'एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट' में कहा गया है कि इस क्षेत्र में स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की संख्या वर्ष 2024 तक 1.1 बिलियन पहुंचने की संभावना है, जो 11% CAGR से बढ़ रही है। भारत में कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ताओं की संख्या वर्ष 2018 के लगभग 610



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

मिलियन से बढ़कर वर्ष 2024 में 1.25 बिलियन होने की उम्मीद है।

29. भारत से प्रतिवर्ष विदेश घूमने जाने वाले और **MICE पर्यटकों** की संख्या **वर्ष 2020** तक 2 मिलियन से अधिक होने का अनुमान है।

**नोट:** MICE इंडिया और लग्जरी ट्रैवल कांग्रेस के आयोजकों के अनुसार, भारत से निर्गामी MICE पर्यटन बाजार वर्ष 2025 तक 9 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। वर्ष 2020 में भारत से विदेश जाने वाले MICE पर्यटकों की संख्या 2 मिलियन से अधिक होने की उम्मीद है। MILT कांग्रेस का आयोजन 17-18 जुलाई को दिल्ली में और 23-24 जुलाई को मुंबई में होगा।

30. **वैश्विक संपत्ति परामर्श** कंपनी **नाइट फ्रैंक** के अनुसार, पट्टे पर भंडारगृह देने के मामले में देश में सबसे तेजी से बढ़ते बाजार के रूप में **कोलकाता** शहर उभरा है।

**नोट: इंडिया वेयरहाउसिंग मार्केट 2019** की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018 में 4.7 मिलियन वर्गफुट के भंडारगृह को पट्टे पर देने के मामले में 191 प्रतिशत के साथ कोलकाता में सर्वाधिक वृद्धि देखी गई। कोलकाता के बाद बेंगलुरु और हैदराबाद का स्थान रहा, जो वर्ष 2017 की तुलना में वर्ष 2018 में क्रमश: 147 प्रतिशत और 96 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-कॉमर्स और **थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स** (3PL) प्रदाता वर्ष 2018 में कोलकाता में भंडारगृह लेने वाले सबसे बड़े पट्टेदार थे।

31. **श्री हरदीप सिंह पुरी** (नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)) ने **नई दिल्ली में एयर ट्रैफिक फ्लो मैनेजमेंट** के केंद्रीय नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन किया।

**नोट:** C-ATFM प्रणाली का मुख्य उद्देश्य कम क्षमता वाले प्रत्येक भारतीय हवाई अड्डे पर प्रमुख संसाधनों अर्थात हवाई अड्डे, हवाई क्षेत्र और विमानों के सर्वोत्तम उपयोग की मांग के सामने क्षमता संतुलन पर ध्यान देना है। C-ATFM प्रणाली विभिन्न उपतंत्रों जैसे ATC ऑटोमेशन सिस्टम, उड़ान संबंधी अपडेट और उड़ान अपडेट के संदेशों से उड़ान संबंधित जानकारी को एकीकृत करती है।

32. **केंद्र सरकार** किसानों की आय दोगुनी करने के लिए **2022 तक** तक **713 कृषि विज्ञान केंद्रों** की स्थापना करेगी।

**नोट: केंद्र सरकार** ने किसान समुदाय के बीच प्रौद्योगिकी के प्रसार के लिए देश में जिला स्तर पर **713 कृषि विज्ञान केंद्रों** और **684 कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसियों** की स्थापना की है। इस उद्देश्य के लिए एक अंतर-मंत्रिस्तरीय समिति ने कृषि गतिविधियों के परिवर्तन और आधुनिकीकरण के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग की सिफारिश की है।

33. IAF की बालाकोट एयरस्ट्राइक का नाम -- **ऑपरेशन बंदर।**

**नोट:** 26 फरवरी को, कई एयर बेस से उड़ान भरते हुए 12 मिराज विमानों ने पाकिस्तानी वायु क्षेत्र को पार किया और खैबर पख्तूनवा प्रांत के बालाकोट शहर में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। भारतीय वायु सेना द्वारा किए गए हमलों में पायलटों ने पांच स्पाइस 2000 बम गिराए थे।

34. भाजपा सांसद और सर्वोच्च न्यायालय की वकील **मीनाक्षी लेखी** द्वारा लिखित प्रथम उपन्यास -- **द न्यू दिल्ली कॉन्स्पिरेसी।**

**नोट:** पुस्तक का सह-लेखन कृष्ण कुमार द्वारा किया गया है, जो उनके साथ कार्य करते हैं और यह पुस्तक हार्पर कॉलिंस इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है, जिसे 8 जुलाई को विमोचित किया जाएगा। मीनाक्षी लेखी दक्षिण दिल्ली से लोकसभा सदस्य हैं और सर्वोच्च न्यायालय की वकील हैं।

35. केंद्र सरकार देश के सभी ग्राम पंचायतों को **भारत नेट योजना** के तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने की योजना बनाई है।



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

**नोट:** अभी तक 1,28,870 ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया है। भारत नेट योजना के अंतर्गत, देश में सभी 2.5 लाख ग्राम पंचायतों को कनेक्टिविटी प्रदान की जानी है। भारत नेट राष्ट्रीय महत्व वाली योजना है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2017 तक राज्यों और निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में सभी घरों के लिए मांगने पर बिना भेदभाव के आधार पर सस्ती ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी सेवा हेतु अत्यधिक मापनीय नेटवर्क अवसंरचना उपलब्ध कराना है।

**36.** अंतर्देशीय और तटीय समुद्र प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित करने के लिए **IIT खड़गपुर के साथ** MoA पर हस्ताक्षर किए।

**नोट: जहाजरानी मंत्रालय और IIT खड़गपुर** ने अंतर्देशीय और तटीय समुद्र प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित करने के लिए एक **समझौता ज्ञापन** (MoA) पर हस्ताक्षर किए हैं। जहाजरानी मंत्री श्री मंदाविया के अनुसार, MoA मेक इन इंडिया के सपने को आगे बढ़ाएगा और प्रौद्योगिकी आयात में होने वाली आवर्ती लागत को कम करेगा। यह केंद्र जहाज डिजाइनिंग, निर्माण और परीक्षण के स्वदेशीकरण पर ध्यान केंद्रित करेगा।वर्तमान में, केवल जर्मनी, नीदरलैंड, रूस और बेल्जियम में जहाजों के मॉडल परीक्षण की सुविधा है।

**37.** अंतर्राष्ट्रीय बीज परीक्षण संघ (ISTA) की 32वीं कांग्रेस **हैदराबाद में** आयोजित हुई।

**नोट:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, **कैलाश चौधरी** ने हैदराबाद में **अंतर्राष्ट्रीय बीज परीक्षण संघ (ISTA) की 32वीं कांग्रेस** का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। राष्ट्रीय कंपनियों और ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, कनाडा, ऑस्ट्रिया जैसे लगभग 70 देशों की अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के बीज विशेषज्ञों, अधिकारियों, नीति निर्माताओं और प्रतिनिधियों सहित कुल 600 से अधिक प्रतिनिधि कांग्रेस में भाग ले रहे हैं। बीज कांग्रेस पहली बार दक्षिण एशिया में आयोजित की जा रही है।

**38.** भारत ने **स्वदेशी रूप** से विकसित **पृथ्वी-2** परमाणु क्षमता युक्त मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

**नोट:** यह परीक्षण चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) के लॉन्च कॉम्प्लेक्स- III से एक मोबाइल लांचर से किया गया। सतह से सतह मार करने वाली इस मिसाइल की मारक क्षमता 350 किमी है। मिसाइल 500 से 1000 किलोग्राम विस्फोटक ले जाने में सक्षम है और यह द्रव प्रणोदक वाले दो इंजनों द्वारा संचालित है।पृथ्वी-2 का गत वर्ष भी 21 फरवरी को चांदीपुर स्थित ITR से सफल परीक्षण किया गया था।

**39.** केंद्र सरकार ने **थोक मूल्य सूचकांक (WPI)** की वर्तमान श्रृंखला के संशोधन हेतु एक **कार्यकारी दल** का गठन किया।

**नोट: प्रोफेसर रमेश चंद** (नीति अयोग के सदस्य) 18-सदस्यीय समिति के अध्यक्ष होंगे। आर्थिक सलाहकार कार्यालय, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, कार्यकारी दल के लिए नोडल कार्यालय होगा। वर्ष 2011-12 आधार वर्ष के साथ थोक मूल्य सूचकांक की वर्तमान श्रृंखला मई, 2017 में पेश की गई थी। वर्ष 2011-12 के बाद से, अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण संरचनात्मक परिवर्तन हुए हैं।

**40.** इसरो द्वारा स्थापित एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (PSU) -- **न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL)।**

**नोट:** यह अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसंधान एवं विकास कार्यों, PSLV के सह-उत्पादन और SSLV के माध्यम से उपग्रहों के प्रक्षेपण का व्यावसायिक उपयोग करेगा। NSIL के कार्यों में उद्योगों के लिए लघु उपग्रह प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV) का निर्माण जैसे कार्य शामिल होंगे। नई कंपनी इसरो केंद्र द्वारा विकसित एप्लिकेशन लॉन्च करने के साथ-साथ अंतरिक्ष से संबंधित उत्पादों और कार्यो के विस्तार और विपणन का काम भी देखेगी।**एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड** अंतरिक्ष विभाग के तहत एक अन्य सार्वजनिक



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

उपक्रम है जो इसरो की वाणिज्यिक शाखा के रूप में कार्य करती है।

**41.** FSSAI द्वारा प्रस्तावित मसौदे के नियमानुसार, पैकेज फूड कंपनियों को उच्च वसा, चीनी और नमक युक्त सामग्री के पैकेज के सामने की तरफ **लाल रंग का लेबल** लगाना होगा।

**नोट:** नए लेबलिंग नियमों के पीछे की योजना नागरिकों को खाद्य उत्पादों के संघटकों के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करना है। FSSAI (भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण) के अनुसार नए **लेबलिंग एवं डिस्प्ले नियम** मसौदा अधिसूचना के लिए तैयार हैं। प्राधिकरण ने मसौदा नियमों की घोषणा से 30 दिनों के अंदर हितधारकों से सुझाव और आपत्तियां मांगी हैं।

**42.** **प्रधानमंत्री आवास योजना योजना** के तहत, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अब तक **81,03,196 घरों को मंजूरी** दी गई है।

**नोट:** आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री **हरदीप सिंह पुरी** ने लोकसभा में इसकी जानकारी दी। 47,57,987 मकानों का विभिन्न चरणों में निर्माण किया जा रहा है और 26,07,913 मकान पूरे हो चुके हैं या प्रदान किए जा चुके हैं। केंद्र सरकार ने PMAY(U) योजना के तहत अब तक 51,113 करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की है।शहरी गरीबों को किफायती आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जून, 2015 में **प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)** शुरू की गई थी।

**43.** **उत्तर-पूर्व फ्रंटियर रेलवे जोन** के **58 रेलवे स्टेशनों** में यात्रियों के लिए **नि:शुल्क वाई-फाई सेवा** प्रदान की गई है।

**नोट:** यात्रियों को नि:शुल्क वाई-फाई सेवा रेलटेल की खुदरा ब्रॉडबैंड पहल 'रेलवायर' ब्रांड के तहत प्रदान की जा रही हैं। **उत्तर-पूर्व फ्रंटियर रेलवे** भारत के 18 रेलवे जोन में से एक है, जिसका **मुख्यालय गुवाहाटी** के मालीगांव में है। मई में, भारत भर के 1600 स्टेशनों में वाई-फाई युक्त स्टेशनों पर यूजर लॉगिन की कुल संख्या 2.35 करोड़ थी।डिजिटल इंडिया पहल से प्रेरित होकर भारतीय रेलवे और रेलटेल ने स्टेशनों पर नि:शुल्क सार्वजनिक वाई-फाई सेवा प्रदान करके स्टेशनों को डिजिटल समावेशन प्लेटफॉर्म में बदलने की योजना बनाई थी।

**44.** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **आधार एवं अन्य कानून** (संशोधन) विधेयक 2019 को मंजूरी दी।

**नोट:** यह UIDAI को जनहित में सेवा करने और आधार के दुरुपयोग को रोकने के लिए अधिक मजबूत तंत्र बनाने में सक्षम बनाएगा। संशोधन के बाद, किसी भी व्यक्ति को अपनी पहचान सिद्ध करने के उद्देश्य से आधार संख्या का प्रमाण देने या प्रमाणिकता के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा जब तक कि यह संसद द्वारा कानून नहीं बनाया जाता। बैंक खाता खुलवाने में आम जनता की सुविधा के लिए, प्रस्तावित संशोधन स्वैच्छिक आधार पर प्रमाणीकरण हेतु स्वीकार्य KYC दस्तावेज़ के रूप में आधार संख्या के उपयोग की मंजूरी देगा।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

**1.** स्नातकोत्तर स्तर तक प्रवेश लेने वाले छात्रों का प्रवेश शुल्क माफ करने के लिए **पैतृक आय सीमा** में वृद्धि करने वाली **असम सरकार है।**

**नोट:** दो लाख रुपये वार्षिक से कम **पैतृक आय** वाले छात्र इसका लाभ उठा सकते हैं। सभी प्रांतीय सरकारी कॉलेज और पांच विश्वविद्यालय योजना के तहत शामिल किए गए हैं।



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

2. ओडिशा के मुख्यमंत्री **नवीन पटनायक** ने **बीजापुर** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से इस्तीफा दे दिया।
**नोट:** श्री पटनायक ने हिंजिली और बीजापुर विधानसभा क्षेत्रों से विधानसभा चुनाव लड़ा था और दोनों सीटों पर जीत हासिल की थी। ओडिशा के विधानसभा अध्यक्ष सूर्य नारायण पात्रा ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

3. **पूर्वोत्तर कौशल केंद्र** में प्रवेश के लिए **1.7 लाख रुपये** की सब्सिडी प्रदान करने वाली राज्य सरकार -- **असम।**
**नोट:** पहले बैच के छात्रों (400) की कुल फीस लगभग 2.2 लाख रुपये होगी। केंद्र को सिंगापुर के ITEES से सहयोग प्राप्त है। छात्रों को सबसे अच्छा कौशल विकास पाठ्यक्रम और प्रदर्शन मिलेगा ताकि वे उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।

4. मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल ने अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) आरक्षण को मौजूदा 14% से बढ़ाकर **27%** करने का प्रस्ताव पारित किया।
**नोट:** इस कदम से राज्य में आरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनिवार्य 50 प्रतिशत की सीमा 63 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। अब राज्य विधानसभा के मानसून सत्र में प्रस्ताव लाया जाएगा। यदि यह लागू हो जाता है, तो मध्य प्रदेश OBC आरक्षण 27% करने वाला देश का एकमात्र राज्य बन जाएगा।

5. पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने **हरियाणा में** पशुओं को 'कानूनी प्राणी या संस्था' का दर्जा दिया।
**नोट:** न्यायालय ने उन्हें "एक जीवित व्यक्ति के समान अधिकार, कर्तव्य और दायित्व" प्रदान किए हैं।यह फैसला उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा जानवरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए आदेश पारित किए जाने के लगभग एक वर्ष बाद आया है।

6. तेलंगाना सरकार ने अपनी प्रमुख **'रायथु बंधु योजना'** के तहत मिलने वाली सहायता को 4000 रुपये से बढ़ाकर कितना **5000 रुपये** करने की घोषणा की।
**नोट:** यह योजना राज्य सरकार का एक प्रारंभिक निवेश सहायता कार्यक्रम है, जिसमें प्रत्येक मौसम में किसान को कृषि और बागवानी फसलों के लिए आय सहायता प्रदान की जाती है, जिसका उपयोग बीज, उर्वरक, कीटनाशक, श्रमिक और अन्य कृषि कार्यों जैसे निवेश खरीदने में किया जाता है। RBI भुगतान **प्लेटफॉर्म ई-कुबेर** का उपयोग करके 5000 रुपये (प्रति एकड़ प्रति किसान प्रत्येक मौसम) का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण के माध्यम से किया जाएगा।

7. **'आपकी बेटी' योजना** के तहत वार्षिक वित्तीय सहायता में वृद्धि करने वाली राज्य सरकार - **राजस्थान।**
**नोट:** 'आपकी बेटी' योजना राज्य में गरीबी रेखा (BPL) के नीचे रहने वाली और जिनके माता या पिता या दोनों की मृत्यु हो गई है, ऐसी स्कूली छात्राओं (कक्षा 1 से 8) को वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करती है। संशोधित योजना के अनुसार, लड़कियों को 1,100 रुपये के बजाय 2,100 रुपये की धनराशि मिलेगी।इसी प्रकार, लड़कियों (कक्षा 9 से 12) के लिए वित्तीय सहायता को 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया गया है।राज्य सरकार ने चुनाव कार्यों के दौरान मारे गए मतदान कर्मियों के परिजनों के लिए अनुग्रह अदायगी (15 लाख रुपये से 20 लाख रुपये) बढ़ा दी है।

8. झारखंड के मुख्यमंत्री **रघुबर दास** ने 50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित **हज हाउस** का उद्घाटन **रांची में** किया।
**नोट:** पांच मंजिल के वातानुकूलित हज हाउस में लगभग 1,000 लोग नमाज अदा कर सकते हैं। हज हाउस में एक बार में कुल 150 पुरुषों और 80 महिलाओं के ठहरने की व्यवस्था है। मुख्यमंत्री ने दो वर्ष पहले भवन का शिलान्यास किया था।

9. **संस्कृति मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल** ने 'हिमाचल लोककला की अज्ञात श्रेष्ठ कृतियां' शीर्षक वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन **नई दिल्ली में** किया गया।
**नोट:** प्रदर्शनी का आयोजन राष्ट्रीय संग्रहालय और होम ऑफ फोक आर्ट, गुरुग्राम द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है जिसमें 240 से अधिक प्राचीन कलाकृतियां



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश की लोककला परंपरा को उजागर करना है।यह अगले महीने की 31 तारीख तक जनता के लिए खुली रहेगी।

10. **कश्मीर में** स्थित तुलमुल्ला क्षेत्र में वार्षिक उत्सव **'मेला खीर भवानी'** धार्मिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।
**नोट:** 'मेला खीर भवानी' कश्मीरी पंडितों का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है, जो हिंदू देवी 'रागन्या देवी' से संबंधित है। वार्षिक उत्सव ज्येष्ठा अष्टमी (मई-जून) को आयोजित किया जाता है, इस दिन कश्मीरी पंडित देवी मां की प्रार्थना करके आशीर्वाद लेने के लिए भारी संख्या में उस स्थल पर जाते हैं। मेला खीर भवानी वर्ष 1990 में घाटी से विस्थापित कश्मीरी पंडित समुदाय के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक है।

11. पूर्वी-मध्य अरब सागर के ऊपर उठा चक्रवात जो अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया -- **वायु।**
**नोट:** मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, चक्रवात के वेरावल और दीव के बीच गुजरात तट को पार करने की संभावना है। **राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल** (NDRF) ने स्थानीय प्रशासन के साथ तालमेल के लिए गुजरात में 35 और दीव में 4 टीमें तैयार की हैं। मीडिया में घोषणाओं और बहुत सारे एसएमएस के माध्यम से लोगों को चक्रवात की चेतावनी देने की व्यवस्था की गई है।

12. 60 से 79 वर्ष की आयु के लोगों की **वृद्धावस्था पेंशन** में **100 रुपये मासिक** की वृद्धि करने वाली **उत्तर प्रदेश** सरकार है।
**नोट:** अब, वृद्धावस्था पेंशनभोगियों को प्रति माह 500 रुपये (मौजूदा 400 रुपये) प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इसे मंजूरी दी गई। 100 रुपये की वृद्धि जनवरी, 2019 से लागू की जाएगी और सरकार को जनवरी, 2019 से मार्च, 2019 तक 106.84 करोड़ रुपये के अतिरिक्त बोझ का वहन करना होगा। नई बढ़ोतरी से राज्य के लगभग 44.21 लाख लोगों को लाभ मिलेगा।

13. बिहार के **दो हजार से अधिक किसानों** के बकाया ऋण को चुकाने **अमिताभ बच्चन ने** सहायता की।
**नोट:** श्री बच्चन ने कुछ किसानों को अपने आवास पर बुलाया और अपने बच्चों श्वेता और अभिषेक के हाथों धनराशि प्रदान की। बिहार के जिन किसानों पर बकाया ऋण था, उन्होंने उनमें से 2,100 को चुना, और बैंक के साथ OTS से उनकी धनराशि का भुगतान किया। इससे पहले, श्री बच्चन ने उत्तर प्रदेश के 1,398 और महाराष्ट्र के 350 किसानों के ऋणों का भुगतान करके उनकी सहायता की थी।

14. प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** की अध्यक्षता में **केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने **जम्मू और कश्मीर** राज्य में राष्ट्रपति शासन के विस्तार को अगले छह महीने तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी।
**नोट:** राष्ट्रपति शासन एक राज्य में राज्य सरकार को निलंबित करता है और केंद्र सरकार के प्रत्यक्ष शासन को लागू होता है। जम्मू कश्मीर 20 दिसंबर, 2018 से राष्ट्रपति शासन के अधीन है। चुनाव आयोग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर राज्य में विधानसभा चुनाव अगस्त, 2019 में अमरनाथ यात्रा समाप्त होने के बाद होंगे।**भारतीय संविधान के अनुच्छेद 356** के तहत, यदि कोई राज्य सरकार संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार कार्य करने में सक्षम नहीं है, तो केंद्र सरकार राज्य का प्रत्यक्ष नियंत्रण ले सकती है।

15. कर्नाटक की पहली सौर ऊर्जा संचालित ग्राम पंचायत -- **अम्सेबैलू।**
**नोट:** उडुपी जिले के कुंडापुरा तालुका में **अम्सेबैलू** कर्नाटक का पहला सौर ऊर्जा संचालित **ग्राम पंचायत** बना। कुल 2.13 करोड़ रुपये की लागत से 1800 से अधिक घरों को सोलर लैंप प्रदान किए गए।इस परियोजना को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 30:20 के अनुपात में वित्त पोषित किया गया और शेष भुगतान पंचायत और धर्मार्थ संगठनों द्वारा किया गया।



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

16. **प्रहलाद सिंह पटेल** (संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)) ने **'अस्तित्व: द एसेन्स ऑफ प्रभाकर बर्वे'** नामक प्रदर्शनी का उद्घाटन **दिल्ली में** किया।
**नोट:** श्री पटेल के अनुसार, हमारे अतीत को जानने के लिए संग्रहालयों की आवश्यकता होती है, जिससे हमें अतीत से ज्ञान लेकर जीवन में आगे बढ़ने में मदद मिलती है। मंत्री ने संग्रहालयों को हमारे पूर्वजों के सम्मान का प्रतीक भी बताया। प्रदर्शनी रविवार 28 जुलाई, 2019 तक जनता के लिए खुली रहेगी।
17. केंद्र सरकार ने **असम में ई-विदेशी न्यायाधिकरण** (e-FT) स्थापित करने की मंजूरी दी।
**नोट:** यह एक अर्ध-न्यायिक प्राधिकरण है जो किसी व्यक्ति की नागरिकता की प्रामाणिकता के प्रश्न का मूल्यांकन करता है। इसे 31 जुलाई, 2019 तक स्थापित किया जाएगा, जब नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजन (NRC) की अंतिम सूची प्रकाशित होगी। विदेशी न्यायाधिकरण के साथ पंजीकृत मामलों की प्रभावी निगरानी और समाधान के लिए प्रस्तावित एकीकृत e-FT IT सिस्टम राज्य भर में लागू किया जाएगा।
18. **एशियाई विकास बैंक** (ADB) ने **त्रिपुरा** के 7 जिलों में अवसंरचना विकास के लिए **1,650 करोड़ रुपये की परियोजनाओं** को मंजूरी दी।
**नोट:** ADB 1,650 करोड़ रुपये प्रदान करेगा, जिसमें से 80 प्रतिशत सहायता अनुदान होगा और राज्य को 20% ऋण निर्धारित समय पर चुकाना होगा। यह परियोजना खोवाई, अंबासा, धर्मनगर, कैलाशहर, उदयपुर, बिश्रामगंज और बेलोनिया में लगाई जाएगी। त्रिपुरा सरकार का शहरी विकास विभाग परियोजना के त्वरित कार्यान्वयन के लिए ADB की सहायता से DPR तैयार करना शुरू करेगा।
19. लंबी पैदल यात्रा करने वालों (trekkers) के लिए किसी भी प्रकार की समस्या से निपटने हेतु **GPS डिवाइस** साथ ले जाना अनिवार्य करने वाली राज्य सरकार -- **हिमाचल प्रदेश।**
**नोट:** लंबी पैदल यात्रा करने वालों के लिए GPS डिवाइस रखना अनिवार्य किया जाएगा ताकि किसी भी आपात स्थिति में उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जा सके। आपदाग्रस्त राज्य होने के चलते, हिमाचल प्रदेश में मौसम संबंधी सलाह को प्रसारित करने और प्रारंभिक चेतावनी तंत्र स्थापित करने पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।
20. स्नातक या समकक्ष डिग्री रखने वाले बेरोजगार युवाओं को **राजस्थान सरकार** द्वारा **3,500 रुपये तक का बेरोजगारी भत्ता** प्रदान किया जाएगा।
**नोट:** उन्हें इस वर्ष फरवरी से **मुख्यमंत्री युवा समबल योजना** का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार ने पहले की अक्षत योजना को नया नाम देने के बाद इस वर्ष फरवरी से इस योजना को लागू किया है। योजना का पात्र होने के लिए, आवेदक को राजस्थान का मूल निवासी होना चाहिए। योजना के तहत पुरुष आवेदकों को 3,000 रुपये प्रति माह जबकि महिलाओं और दिव्यांगों को 3,500 रुपये प्रति माह मिलेंगे। धनराशि दो वर्ष या काम प्राप्त होने तक दी जाएगी।
21. **महाराष्ट्र** के अत्यंत **लोकप्रिय फुटवियर उद्योग** को अपनी हाथ से बनने वाली चमड़े की किस सामग्री के लिए **जियोग्राफिकल इंडिकेशन (GI) टैग** प्रदान किया गया -- **कोल्हापुरी चप्पल।**
**नोट:** पेटेंट, डिजाइन एवं ट्रेडमार्क महानिदेशक ने महाराष्ट्र के चार जिलों - कोल्हापुर, सोलापुर, सांगली और सतारा के साथ-साथ कर्नाटक में चार जिनसें - धारवाड़, बेलगाम, बगलकोट और बीजापुर को कोल्हापुरी चप्पल के लिए GI टैग प्रदान किया है। GI टैग मिलने का अर्थ है कि इन जिलों में कोल्हापुरी चप्पल का उत्पादन करने वाले कारीगर अब घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपने उत्पाद बनाने और बेचने में सक्षम होंगे।
22. तेलंगाना के मुख्यमंत्री **के. चंद्रशेखर राव** ने सबसे बड़ी बहुस्तरीय और बहुउद्देश्यीय लिफ्ट सिंचाई योजनाओं में



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

से **कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना** राज्य को समर्पित की।

**नोट:** 80,000 करोड़ रुपये की कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना (KLIP) को दुनिया की सबसे बड़ी बहु-स्तरीय बहुउद्देश्यीय योजना के रूप में जाना जाता है। कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना में राज्य के 21 जिलों में 37 लाख एकड़ के नए और मौजूदा आयाकट की सिंचाई की परिकल्पना की गई है।

23. भारत ने गठिया, जोड़ों के दर्द और पैर की बीमारियों से पीड़ित हाथियों के लिए देश का पहला विशेष **जल चिकित्सा उपचार केंद्र, मथुरा, उत्तर प्रदेश में** खोला।

**नोट:** नया जल चिकित्सा जंबो पूल 11 फुट गहरा है और इसमें 21 उच्च दाब वाले जेट स्प्रे हैं जो पानी का दबाव बनाकर हाथियों के पैरों और शरीर की मालिश करते हैं और रक्त परिसंचरण को बढ़ाने में सहायता करते हैं। उपचार केंद्र उत्तर प्रदेश वन विभाग और NGO वाइल्डलाइफ SOS के सहयोग से शुरू किया गया है।उत्तर प्रदेश वन विभाग और NGO वाइल्डलाइफ SOS ने साथ मिलकर अस्पताल निर्माण और व्यवस्था कार्य किया।

24. **केंद्र सरकार** ने **2025 तक तपेदिक (टीबी) को जड़ से समाप्त करने** के लक्ष्य के साथ एक **राष्ट्रीय सामरिक योजना** विकसित की।

**नोट:** पिछले वर्ष की वैश्विक टीबी रिपोर्ट के अनुसार, देश में वर्ष 2017 के लिए टीबी के अनुमानित मामलों की संख्या 204 प्रति लाख आबादी है। भारत में वार्षिक रूप से लगभग 27.4 लाख टीबी के नए मामले सामने आते हैं, जो संपूर्ण आंकड़ों के संदर्भ में सर्वाधिक हैं। पिछले वर्ष 5 लाख 62 हजार से अधिक टीबी मरीजों का उपचार हुआ था।

25. चार बांधों पर **तैरता हुआ सौर ऊर्जा उत्पादन संयंत्र** स्थापित करने की तैयारी करने वाली राज्य सरकार -- **महाराष्ट्र।**

**नोट:** स्विस चैलेंज विधि के अनुसार तैरता हुआ सौर पैनल स्थापित करने के लिए वर्धा, बेबाला, खडकपूर्णा और पैंटाकली बांधों के अप्रवाही जल को चुना गया है। **500 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता** के साथ प्रति मेगावाट अनुमानित निवेश 4.45 करोड़ रुपये है। महाराष्ट्र अवसंरचना विकास अधिकार प्राधिकरण अधिनियम के तहत अनुमति में संयंत्र स्थापित करने का काम चल रहा है।

26. झारखंड नगर विकास परियोजना के लिए भारत सरकार और झारखंड सरकार के साथ **147 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते** पर **विश्व बैंक ने** हस्ताक्षर किए।

**नोट:** यह परियोजना झारखंड के लोगों को बुनियादी शहरी सेवाएं प्रदान करेगी और राज्य में शहरी स्थानीय निकायों (ULB) की प्रबंधन क्षमता में सुधार करने में मदद करेगी।

27. जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल **सत्यपाल मलिक** ने **सिंधु नदी** के तट पर **सिंघे खबाब्स सिंधु महोत्सव** का उद्घाटन किया।

**नोट:** यह महोत्सव हर वर्ष सिंधु नदी को भारत की बहुआयामी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक दर्शाते हुए पर्यटकों को लद्दाख आकर्षित करने के लिए मनाया जाता है। महोत्सव का मुख्य आकर्षण स्थानीय लोक गीत एवं नृत्य, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और धार्मिक खाद्य पदार्थ हैं।

28. **पश्चिम बंगाल सरकार** ने किसानों के लिए **बांग्ला सस्य बीमा (BSB)** योजना शुरू की।

**नोट: राज्य सरकार** ने 2019 खरीफ फसल के लिए **भारतीय कृषि बीमा कंपनी** (AIC) के सहयोग से एक फसल बीमा योजना **'बांग्ला सस्य बीमा'** (BSB) की घोषणा की है। BSB योजना 15 जिलों - दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, पूर्व बर्धमान, पश्चिम बर्धमान, पूर्व मेदिनीपुर, मालदा, हुगली, नादिया, मुर्शिदाबाद, कूचबिहार, बीरभूमि , पुरुलिया, दक्षिण दिनाजपुर, उत्तरी 24 परगना और दक्षिण 24 परगना के किसानों के लिए



SSC 2019 प्लस पैक फ्री मॉक लें

लागू है।बीमा के तहत आने वाली फसलें अमन (जाड़ा) धान, ओस (सितंबर-अक्टूबर) धान, जूट और मक्का हैं।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. UAE के संघीय पहचान और नागरिकता प्राधिकरण (ICA) ने पहला **गोल्डन रेजिडेंस परमिट**, **अबू धाबी में** जारी किया।
   **नोट:** यह निवेशकों की स्थायी निवास प्रणाली का एक हिस्सा है जिसका उद्देश्य मानदंडों को पूरा करने वाले निवेशकों, उद्यमियों और योग्य व्यक्तियों को आकर्षित करना है। फोर्ब्स पत्रिका की 2019 की अरबपतियों की सूची के अनुसार, अबू धाबी में रहने वाले केरल के टाइकून (4.7 बिलियन डॉलर) को संयुक्त अरब अमीरात में सबसे अमीर प्रवासी का दर्जा दिया गया है।भारतीय अरबपति एम.ए. यूसुफ अली को योजना के तहत संयुक्त अरब अमीरात में गोल्डन कार्ड दिया गया था।
2. इंडोनेशिया के बाली द्वीप स्थित **माउंट अगुंग** ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ।
   **नोट:** माउंट अगुंग से निकली राख और धुआं आकाश 2,000 मीटर तक फैल गया। ज्वालामुखी कुटा पर्यटन केंद्र से लगभग 70 किलोमीटर दूर स्थित है। वर्ष 2017 में सक्रिय होने के बाद से इसमें समय-समय पर विस्फोट हो रहा है।इंडोनेशिया प्रशांत "रिंग ऑफ फायर" में स्थित है, जहां विवर्तनिक प्लेटों के टकराने से लगातार भूकंप आते हैं और ज्वालामुखीय गतिविधियां होती है।
3. रूस द्वारा शुरु की गई पहली आर्कटिक ट्रेन सेवा -- **ज़ारेनगोल्ड।**
   **नोट:** रूस के आर्कटिक क्षेत्र और नॉर्वे से होकर गुजरने वाली पहली पर्यटक ट्रेन, सेंट पीटर्सबर्ग स्टेशन (रूस) से 91 यात्रियों के साथ पहली यात्रा के लिए रवाना हुई। ये पर्यटक अमेरिका, जर्मनी, नॉर्वे और रूस समेत सात देशों से आए थे। आयोजकों के अनुसार, दो रेस्तरां कारों वाली ट्रेन, जिसका नाम ज़ारेनगोल्ड है, सेंट पीटर्सबर्ग से होकर जाएगी। पूरी यात्रा में 11 दिन लगेंगे और यात्रियों को उन क्षेत्रों की खोज करने की आसानी होगी जहां अन्य माध्यमों से मुश्किल से पहुंचा जाता है।
4. भारत और फ्रांस की वायु सेनाएं **1 जुलाई, 2019** से फ्रांस में एक हवाई अड्डे पर दो सप्ताह लंबे किस वायुसेना अभ्यास का आयोजन करेंगी -- **'गरुड़ VI'।**
   **नोट:** 'गरुड़ VI' अभ्यास दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को बढ़ाएगा। भारत की ओर से, सुखोई 30 लड़ाकू विमान का एक बेड़ा अभ्यास के कृत्रिम परिदृश्यों में फ्रांस के मल्टीरोल विमान राफेल के साथ आमने-सामने की लड़ाई में भाग लेगा।
5. सोशल डेमोक्रेट्स की 91 सीटों के मुकाबले संसद में 75 सीटों के साथ अपनी पार्टी के दूसरे स्थान पर आने के बाद हार स्वीकारने वाले डेनमार्क के प्रधानमंत्री **लार्स लोक्के रासमुसेन है।**
   **नोट:** डेनमार्क में, वामपंथी विपक्षी गुट ने सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी को पीछे छोड़ते हुए देश का आम चुनाव जीता। सभी मतों की गणना के साथ, परिणामों ने सोशल डेमोक्रेट्स के नेतृत्व में वामपंथी गुट को संसद में बहुमत हासिल करते हुए दिखाया, जबकि रासमुसेन के नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी गुट ने अप्रवासी विरोधी डेनिश पीपुल्स पार्टी के पतन के बाद 75 सीटें हासिल कीं।
6. 17वीं लोकसभा में **सबसे युवा सांसद** चंद्राणी मुर्मू है।
   **नोट:** ओडिशा की चंद्राणी मुर्मू को आदिवासी बाहुल्य केउंझर सीट से बीजू जनता दल (बीजद) की उम्मीदवार के रूप में चुना गया था। हिसार लोकसभा से इंडियन नेशनल लोकदल के **दुष्यंत चौटाला** (26 वर्षीय) 16वीं लोकसभा (2014) में सबसे युवा सांसद थे। वह एक अन्य सामान्य लड़की की तरह थीं जो वर्ष 2017 में भुवनेश्वर स्थित SOA यूनिवर्सिटी से बीटेक पूरा करने के बाद नौकरी की तलाश कर रही थी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहीं थीं।



SSC 2019 प्लस पैक फ्री मॉक लें

7. अबू धाबी स्थित राष्ट्रपति भवन में अपनी बैठक के दौरान **'नेशनल स्ट्रैटेजी फॉर वेलबीइंग 2031'** को **संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने** अंगीकृत किया।
**नोट:** नीति निर्धारण प्रक्रिया का समर्थन करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक 'नेशनल वेलबीइंग ऑब्जर्वेटरी' का विकास करना है। रणनीति तीन मुख्य स्तरों - व्यक्ति, समाज और देश के राष्ट्रीय ढांचे पर आधारित है। इसमें 14 घटक और 9 रणनीतिक उद्देश्य शामिल हैं, जिसमें स्वस्थ एवं क्रियात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देकर लोगों का कल्याण करना, अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और सकारात्मक सोच को अपनाना शामिल है।
8. 16वां एशिया मीडिया शिखर सम्मेलन **कंबोडिया में** स्थित सिएम रीप में आयोजित हुआ
**नोट:** कंबोडिया के प्रधान मंत्री, **सैमडेक हुन सेन** ने कंबोडिया के सिएम रीप में **16वें एशिया मीडिया शिखर सम्मेलन** का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन का विषय 'विकासशील बाजारों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ मीडिया का डिजिटलीकरण (Media Digitisation with a focus on developing markets) है। तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में 42 देशों के 600 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जिसका आयोजन एशिया प्रशांत प्रसारण विकास संस्थान (AIBD) के साथ साझेदारी में कंबोडिया के सूचना मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।
9. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **बिश्केक में** आयोजित **शंघाई सहयोग संगठन** (SCO) के राष्ट्र प्रमुखों की परिषद की बैठक में भाग लिया।
**नोट:** 8 सदस्य देशों के राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री और पर्यवेक्षक के रूप में 4 राष्ट्रों के प्रमुख भी इस बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी में भाग ले रहे हैं। चीन के नेतृत्व वाले SCO की यह बैठक वर्ष में एक बार होती है और इसमें संगठन के सभी महत्वपूर्ण विषयों पर फैसले और दिशानिर्देश अपनाए जाते हैं।
10. संयुक्त अरब अमीरात ने आतंकवाद और हिंसक अतिवाद के खिलाफ इसके सभी रूपों से लड़ने के लिए **जर्मनी** के साथ अपनी संयुक्त प्रतिबद्धता की पुष्टि की।
**नोट:** अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की जर्मनी की दो दिवसीय यात्रा के अंत में बर्लिन में एक संयुक्त बयान जारी किया गया।दोनों पक्षों ने आतंकवाद-रोधी मुद्दों पर साझा प्रयास, आतंकवाद से निपटने के लिए विशेषज्ञता और सूचना के आदान-प्रदान और इस संबंध में व्यक्तिगत प्रशिक्षण और क्षमता-निर्माण को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।
11. पूर्वोत्तर क्षेत्र में कई जारी परियोजनाओं के साथ-साथ नई अवसंरचना परियोजनाओं में 13,000 करोड़ रुपये का निवेश करने का फैसला **जापान सरकार ने** किया।
**नोट:** कुछ **महत्वपूर्ण परियोजनाएं** जिनमें जापान सहयोग करेगा, वे **असम** और मेघालय में फैली गुवाहाटी जलापूर्ति परियोजना, गुवाहाटी सीवेज परियोजना, पूर्वोत्तर सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार परियोजना और मेघालय में पूर्वोत्तर नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार परियोजना शामिल हैं। DoNER मंत्री **डॉ. जितेंद्र सिंह** ने जापान के राजदूत श्री केंजी हिरामत्सु के नेतृत्व में जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक के बाद इसका खुलासा किया।
12. वर्ष 2021 से **कनाडा** देश में एक बार प्रयोग होने वाली प्लास्टिक प्रतिबंधित होगी।
**नोट:** कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने घोषणा की है, कि प्लास्टिक के थैले, स्ट्रॉ और कटलरी को विश्व के महासागरों से बाहर निकालना एक वैश्विक चुनौती है।एक बार प्रयोग होने वाली वस्तुएं समुद्री वातावरण में प्लास्टिक कचरे का लगभग 70% हैं। हर वर्ष दुनिया भर में एक लाख पक्षी और 100,000 से अधिक समुद्री स्तनधारी प्लास्टिक में फंसकर घायल होते हैं या खाद्य श्रृंखला के माध्यम से इसे निगलकर उनकी मृत्यु हो जाती है।



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

13. इसरो के अध्यक्ष **डॉ. के. सिवन** के अनुसार, भारत का चंद्र मिशन **'चंद्रयान -2' 15 जुलाई को** लॉन्च किया जाएगा।
    **नोट:** भारत का दूसरा चंद्र मिशन चंद्रयान -2 पिछले चंद्रयान -1 मिशन का उन्नत संस्करण है, जिसे लगभग 10 वर्ष पहले लॉन्च किया गया था। चंद्रयान -2 अपने साथ 13 वैज्ञानिक उपग्रह (लगभग 3.8 टन वजन) ले जाएगा और चंद्रमा के दक्षिणी भाग की खोज करेगा। चंद्रयान -2 भारत को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाला चौथा देश बना देगा, यह उपलब्धि केवल अमेरिका, USSR और चीन की अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा हासिल की गई है। इसके तीन मॉड्यूल - **ऑर्बिटर, लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान)** होंगे।
14. भारत और फ्रांस की वायु सेना इस वर्ष जुलाई में **वरुण** मेगा वायुसेना अभ्यास का आयोजन करेंगी।
    **नोट:** भारत और फ्रांस की वायु सेना फ्रांस में (1 जुलाई से) दो सप्ताह लंबे मेगा वायुसेना अभ्यास का आयोजन करेंगी। यह अभ्यास भारतीय वायुसेना के कई पायलटों को फ्रेंच वायु सेना द्वारा संचालित किए जा रहे राफेल जेट विमानों पर विशेष जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा।भारतीय वायु सेना के सुखोई 30 लड़ाकू विमान का एक बेड़ा **'गरुड़' अभ्यास** के एक भाग के रूप में कृत्रिम परिदृश्यों में फ्रांस के राफेल विमान के साथ युद्धाभ्यास करेगा।
15. **त्रिभुवन विश्वविद्यालय** और **नेशनल जियोग्राफिक सोसायटी** के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की एक टीम ने **माउंट एवरेस्ट** पर दुनिया का **सबसे ऊंचा, पूर्णतया स्वचालित मौसम केंद्र** स्थापित किया।
    **नोट:** समुद्र तल से पृथ्वी के सबसे ऊंचे पर्वत पर, 27,657 फीट की रिकॉर्ड ऊंचाई पर एक मौसम केंद्र सहित कुल पांच मौसम केंद्र स्थापित किए गए थे। मौसम केंद्र तापमान, सापेक्षिक आर्द्रता, बैरोमीटर दबाव, हवा की गति और हवा की दिशा पर डेटा रिकॉर्ड करेगा।
16. **बांग्लादेश** में पहली बार **दिनाजपुर में** पर स्थित इसाबपुर गांव में **लौह अयस्क की खदान** खोजी गई।
    **नोट:** भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, 6-10 वर्ग किलोमीटर के विस्तृत क्षेत्र में सतह के 1,750 फीट नीचे लोहे की 400 फुट मोटी परत पाई गई है। खदान में लोहे का प्रतिशत 65 था जो अयस्क की उच्च गुणवत्ता को दर्शाता है। कनाडा, चीन, ब्राजील स्वीडन और ऑस्ट्रेलिया जैसे अधिकांश देशों में यह प्रतिशत 50 से नीचे है।
17. भारत ने **नाइजर** देश को 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता प्रदान की।
    **नोट:** शिखर सम्मेलन 7-8 जुलाई तक नियामी में होने वाला है। यह पहली बार है जब नाइजर एक AU शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। भारत अनुदान सहायता के अंतर्गत नियामी में महात्मा गांधी इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (MGICC) की स्थापना भी कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय संगठन अफ्रीकी संघ (AU) की स्थापना वर्ष 2002 में पूर्व अफ्रीकी संगठन (OAU) के राष्ट्रों द्वारा की गई थी।
18. **WHO** ने बढ़ती सूक्ष्मजीवरोधी प्रतिरोधक क्षमता को रोकने और एंटीबायोटिक के उपयोग को सुरक्षित और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कौन सा नया टूल पेश किया -- **AWaRe.**
    **नोट:** WHO ने एक वैश्विक अभियान शुरू किया है, जो देशों को WHO के नए ऑनलाइन टूल 'AWaRe' का उपयोग करने के लिए प्रेरित करता है। अभियान का उद्देश्य कम कीमत पर 'नैरो-स्पेक्ट्रम' दवाओं (जो कई सूक्ष्मजीवों के बजाय एक सूक्ष्मजीव पर कार्य करती हैं) तक पहुंच (एक्सेस ग्रुप) के तहत एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग में 60 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करना है और प्रतिरोधक क्षमता के जोखिम को कम करना है।'AWARe' टूल एंटीबायोटिक दवाओं को तीन समूहों में वर्गीकृत करता है:



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

- **एक्सेस (Access)** - इन एंटीबायोटिक का उपयोग सबसे सामान्य और गंभीर संक्रमणों के इलाज के लिए किया जाता है
- **वॉच (Watch)** - ये एंटीबायोटिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में हर समय उपलब्ध रहती हैं।
- **रिजर्व (Reserve)** - इन एंटीबायोटिक को किफायत से या संरक्षित रूप में प्रयोग किया जाता है और केवल अंतिम उपाय के रूप में उपयोग किया जाता है।

19. **सूचना एवं प्रसारण (I & B) मंत्रालय** ने कहा कि भारत ने **बांग्लादेश** और **दक्षिण कोरिया** के साथ क्रमश: दोनों देशों के दर्शकों को भारतीय चैनल **डीडी (दूरदर्शन) इंडिया** उपलब्ध कराने के लिए समझौता किया।

**नोट: सूचना एवं प्रसारण (I & B) मंत्रालय** ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश और दक्षिण कोरिया के साथ क्रमश: दोनों देशों के दर्शकों को डीडी (दूरदर्शन) इंडिया उपलब्ध कराने के लिए समझौता किया है। इस समझौते के तहत, बांग्लादेश के **BTV World** और दक्षिण कोरिया के **KBS World** को भी डीडी फ्री डिश पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके देश भर में लगभग 35 मिलियन ग्राहक हैं।

20. भारतीय नौसेना ने ऑपरेशन संकल्प **ओमान की खाड़ी में** शुरू हुआ।

**नोट:** भारतीय नौसेना ने फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में **'ऑपरेशन संकल्प'** शुरू किया, जो क्षेत्र से गुजरने वाले भारतीय ध्वजवाहित जहाजों के सुरक्षित मार्ग को सुनिश्चित करने के लिए किया गया था। भारतीय नौसेना जहाज, INS चेन्नई और INS सुनयना को समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए क्षेत्र में तैनात किया गया है। इसके अलावा, विमान द्वारा क्षेत्र में हवाई निगरानी भी की जा रही है।

21. नासा ने अपने पहले किस घनाकार एस्ट्रोबी रोबोट का खुलासा किया -- **बम्बल।**

**नोट:** एस्ट्रोबी एक मुक्त अवस्था में उड़ने वाली रोबोट प्रणाली है जिसे अंतरिक्ष यात्रियों को नियमित कार्य करने में लगने वाले समय को कम करने में सहायता हेतु डिजाइन किया गया है। इस प्रणाली में दो अन्य रोबोट 'हनी' और 'क्वीन' हैं, जो सॉफ्टवेयर और रिचार्जिंग के लिए उपयोग होने वाले डॉकिंग स्टेशन हैं। एस्ट्रोबी रोबोट अंतरिक्ष में किसी भी दिशा में जा सकते हैं और किसी भी अक्ष पर घूम सकते हैं।

22. FATF की पूर्ण सदस्यता हासिल करने वाला पहला अरब देश -- **सऊदी अरब।**

**नोट: सऊदी अरब** फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) की पूर्ण सदस्यता हासिल करने वाला पहला अरब देश बन गया है। सऊदी अरब के FATF सदस्य के रूप में शामिल होने के साथ, अब समूह में स्थाई सदस्यों की संख्या 39 है।

23. **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति** (IOC) ने अपना **नया मुख्यालय स्विट्जरलैंड में** खोला।

**नोट: अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति** (IOC) ने स्विट्जरलैंड के लुसाने में औपचारिक रूप से अपना **नया मुख्यालय** खोला। ओलंपिक खेलों के पुन: शुरू होने के ठीक 125 वर्ष बाद इसे खोला गया है। ओलंपिक हाउस पूर्व मुख्यालय के स्थान पर बनाया गया है, और 95% पुरानी सामग्रियों को पुन: उपयोग और रिसाइकिल किया गया था। डेनमार्क की आर्किटेक्चर कंपनी 3XN द्वारा डिजाइन की गई ऊर्जा दक्ष इमारत ने संवहनीयता (sustainability) के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं।

24. संयुक्त राष्ट्र द्वारा विकसित एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग प्लेटफॉर्म **संयुक्त अरब अमीरात ने** लॉन्च किया।

**नोट: संयुक्त अरब अमीरात** (UAE) संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ और अपराध नियंत्रण कार्यालय द्वारा विकसित एक नया **रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म** लॉन्च करने वाला पहला **खाड़ी देश** बन गया है। UAE की फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ने नया एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग प्लेटफॉर्म 'goAML' लॉन्च किया,



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

जो मई से पंजीकरण के लिए खुला है। बैंकों, बीमा कंपनियों और मुद्रा विनिमय केंद्रों सहित 900 से अधिक संस्थाओं को प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण करना होगा और इनमें से 50 प्रतिशत पहले से ही पंजीकृत हैं।प्लेटफॉर्म से FIU को मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवाद वित्तपोषण और अन्य अवैध वित्तीय गतिविधियों को रोकने में मदद मिलेगी।

25. **G-20 शिखर सम्मेलन 2019** (14वीं बैठक) **ओसाका (जापान) में** आयोजित किया गया।
**नोट:** G-20 शिखर सम्मेलन 2019 का विषय "भविष्य का मानव केंद्रित समाज" (Human centred future society) है। G-20 **19 देशों और यूरोपीय संघ** की सरकारों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय फोरम है। G-20 के सदस्य देश- अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका हैं। अगला G-20 शिखर सम्मेलन वर्ष 2020 में सऊदी अरब में आयोजित किया जाएगा।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. भारतीय मूल के **छह** छात्रों ने अमेरिका में एक अद्वितीय प्रतियोगिता में 550 से अधिक प्रतियोगियों को हराकर प्रतिष्ठित **स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता** जीती।
**नोट:** प्रतियोगिता के 94 वर्ष के इतिहास में यह पहली बार है कि दो से अधिक चैंपियन चुने गए हैं।**ऋषिक गंधाश्री, साकेत सुंदर, श्रुतिका पधे, सोहम सुखतंकर, अभिजय कोदाली, रोहन राजा, क्रिस्टोफर सेराव** और **एरिन हॉवर्ड** को सह-विजेताओं के रूप में चुना गया। प्रत्येक को नकद 50,000 अमेरिकी डॉलर का विजेता पुरस्कार मिलेगा।छह लड़कों और दो लड़कियों ने संयुक्त रूप से अंतिम 47 शब्दों की लगातार पांच राउंड में सही वर्तनी लिखी। नेशनल बी, नर्ड स्पेलिंग मैच की तरह एक हाई-प्रोफाइल, हाई-प्रेशर एंड्यूरेंस टेस्ट है, और स्पेलर महीनों इसकी तैयारी करते हैं।
2. प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** ने **राष्ट्रीय रक्षा कोष के** तहत **प्रधान मंत्री छात्रवृत्ति योजना** में बड़े बदलावों को मंजूरी दी।
**नोट:** श्री मोदी ने लड़कों के लिए छात्रवृत्ति की दर 2000 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 2500 रुपये प्रति माह और लड़कियों के लिए **2250 रुपये प्रति माह** से बढ़ाकर **3000 रुपये प्रति माह** कर दी है।छात्रवृत्ति योजना के दायरे को राज्य पुलिस अधिकारियों के उन आश्रितों तक भी विस्तारित किया गया है जो आतंकी/नक्सली हमलों में शहीद हुए हैं।राज्य पुलिस अधिकारियों के आश्रितों के लिए नई छात्रवृत्ति का कोटा एक वर्ष में 500 रुपये होगा। गृह मंत्रालय इस संबंध में केंद्रीय मंत्रालय होगा।
3. भारत की **पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को** विदेशी को दिए जाने वाले मैक्सिको के **सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार "ओर्डेन मेक्सिकाना डेल अगुइला एज़्टेका"** (ऑर्डर ऑफ एज़्टेक ईगल) से सम्मानित किया गया।
**नोट:** यह पुरस्कार उन्हें भारत में मैक्सिको की राजदूत मेल्बा परिया द्वारा पुणे स्थित MCCIA भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया। वह मैक्सिको का नागरिक पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला और केवल दूसरी भारतीय (पहले दिवंगत राष्ट्रपति एस. राधाकृष्णन) हैं। **प्रतिभा पाटिल भारत की राष्ट्रपति** (वर्ष 2007-2012 तक) के रूप में कार्य करने वाली पहली भारतीय महिला हैं।



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

4. संयुक्त राज्य अमेरिका में, गूगल के **सी.ई.ओ सुंदर पिचाई** और नैस्डैक की अध्यक्ष **एडेना फ्रीडमैन** को प्रतिष्ठित पुरस्कार **ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड 2019** के लिए चुना गया।
   **नोट:** उन्हें अग्रणी प्रौद्योगिकी संचालित प्लेटफार्मों के रूप में कंपनियों के योगदान के लिए सम्मानित किया गया।पिचाई और फ्रीडमैन को वाशिंगटन स्थित **अमेरिका-भारत व्यापार परिषद** (USIBC) द्वारा यह पुरस्कार अगले सप्ताह आयोजित होने वाले 'भारत विचार शिखर सम्मेलन' के दौरान प्रदान किया जाएगा। **ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड** वार्षिक रूप से (वर्ष 2007 से) प्रदान किए जाते हैं।
5. मालदीव के सर्वोच्च सम्मान **"रूल ऑफ निशान इज्ज़ुद्दीन"** से **नरेंद्र मोदी को** सम्मानित किया गया।
   **नोट:** माले में आयोजित एक समारोह के दौरान मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलीह ने प्रधान मंत्री मोदी को प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। प्रतिष्ठित "रूल ऑफ निशान इज्ज़ुद्दीन" विदेशी उच्चाधिकारियों को दिया जाने वाला मालदीव का सर्वोच्च सम्मान है।
6. भारत की प्रमुख **ऑटोमोबाइल कंपनी** जिसने दक्षिण अफ्रीका में **गोल्ड अवार्ड** जीता -- **महिंद्रा।**
   **नोट:** महिंद्रा को देश के नेशनल ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (NADA) से पुरस्कार मिला है, जो विक्रेता के एक ब्रांड का समर्थन करके और उनके साथ संवाद करके विक्रेताओं की संतुष्टि का परीक्षण करता है। ऑटोमोबाइल कंपनी, जिसके दक्षिण अफ्रीका में 60 से अधिक विक्रेता हैं (पिछले 16 वर्षों से), पुरस्कारों के लिए सर्वेक्षण किए गए 29 वाहन ब्रांडों के बीच शीर्ष स्थान हासिल किया।
7. मंत्रिमंडल सचिव **प्रदीप कुमार सिन्हा को** अगले तीन महीनों का विस्तार दिया गया।
   **नोट:** प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अगले आदेश तक इस महीने की 12 तारीख से विस्तार को मंजूरी दे दी। मई, 2015 में, श्री सिन्हा को दो वर्ष के निश्चित कार्यकाल के लिए मंत्रिमंडल सचिव नियुक्त किया गया था। यह तीसरी बार है जब श्री सिन्हा का कार्यकाल बढ़ाया गया है। मंत्रिमंडल सचिव लोक सेवा बोर्ड, कैबिनेट सचिवालय, **भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS)** और सरकार के प्रयोजन नियमों के तहत सभी लोक सेवाओं का पदेन प्रमुख होता है।
8. प्रख्यात अंग्रेजी लेखक, उपन्यासकार **अमिताव घोष को** देश के सर्वोच्च साहित्य सम्मान **ज्ञानपीठ पुरस्कार 2018** से सम्मानित किया गया।
   **नोट:** घोष पद्म श्री (2007) और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता भी हैं। उनका उपन्यास एक इतिहासकार और सामाजिक मानवविज्ञानी के रूप में उनके अकादमिक प्रशिक्षण के अपरोक्ष अद्भुत गहराई और वास्तविकता से संपन्न है। ज्ञानपीठ पुरस्कार एक भारतीय साहित्यिक पुरस्कार है जो भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा प्रतिवर्ष एक लेखक को साहित्य के प्रति उसके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। लेखकों को यह पुरस्कार उनकी सर्वोत्कृष्ट रचना के लिए दिया जाता है और इसमें एक प्रशस्ति पत्र, 1.5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और 'मां सरस्वती' की कांस्य प्रतिमा शामिल है।
9. श्रीलंका की फ्लैग कैरियर विमान कंपनी **श्रीलंकाई एयरलाइंस को** लगातार दूसरे वर्ष **'दुनिया की सर्वाधिक समयनिष्ठ एयरलाइन'** चुना गया।
   **नोट:** मई में इसकी 90% से अधिक उड़ानों के समय पर उड़ने के साथ इसे लगातार दूसरी बार चुना गया है। मई में, इसने 90.75% की समयपाबंद रेटिंग प्राप्त की थी। ग्लोबल फ्लाइट ट्रैकर, 'फ्लाइटस्टेट्स' ने निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे प्रतिष्ठित एयरलाइंस सहित यूरोप, उत्तरी अमेरिका, एशिया, मध्य पूर्व और दक्षिण अमेरिका की 41 विमानवाहक कंपनियों के डेटा का विश्लेषण किया।



SSC 2019 प्लस पैक फ्री मॉक लें

10. **जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय** (JNU) दो केंद्रीय मंत्रियों को प्रतिष्ठित **भूतपूर्व छात्र पुरस्कार** से सम्मानित करेगा -- **निर्मला सीतारमण और सुब्रह्मण्यम जयशंकर।**
**नोट:** JNU की कार्यकारी परिषद ने इस संबंध में एक प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस वर्ष अगस्त में होने वाले JNU के तीसरे दीक्षांत समारोह के दौरान दोनों मंत्रियों को सम्मानित किया जाएगा। सुश्री सीतारमण ने JNU से एम.ए. और एम. फिल की डिग्री पूरी की थी, जबकि श्री जयशंकर ने JNU से एम. फिल और डॉक्टर रिसर्च की डिग्री पूरा की थी। JNU के अनुसार, उनके अत्यधिक विशिष्ट कैरियर और उपलब्धियों ने विश्वविद्यालय को बहुत गौरवान्वित किया है और वे JNU के छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत हैं।
11. मुंबई के **सरदार वल्लभभाई पटेल इंडोर स्टेडियम** में आयोजित एक समारोह में **fbb कलर्स 'मिस इंडिया 2019'** (56वां संस्करण) का ताज **सुमन राव को** पहनाया गया।
**नोट:** छत्तीसगढ़ की **शिवानी जाधव** (23 वर्षीय) को **मिस ग्रैंड इंडिया 2019** का ताज पहनाया गया। बिहार की श्रेया शंकर (21 वर्षीय) ने 'मिस इंडिया यूनाइटेड कॉन्टिनेंट्स 2019' का खिताब जीता। 'मिस इंडिया' भारत में एक राष्ट्रीय स्तर की सौंदर्य प्रतियोगिता है जो वार्षिक रूप से मिस वर्ल्ड प्रतिस्पर्धा के लिए प्रतिनिधियों का चयन करती है।
12. बेंगलुरु स्थित **NGO** जिसे अपने कार्यक्रम के लिए **BBC वर्ल्ड सर्विस ग्लोबल चैंपियन अवार्ड** से सम्मानित किया गया -- **अक्षय पात्र।**
**नोट:** NGO 'अक्षय पात्र' भारत में दुनिया की सबसे बड़ी स्कूल भोजन योजना चलाती है। इस सप्ताह ब्रिस्टल में BBC फूड एंड फार्मिंग अवार्ड्स में प्रदान किए गए पुरस्कार एक ऐसे व्यक्ति या योजना को सम्मानित करते हैं जो दुनिया में बेहतर खाद्य उत्पादन, संसाधन, उपभोग या सुधार के लिए सोच-विचार के तरीके को बदल रहा है।
13. 2019 QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अनुसार, लगातार दूसरे वर्ष देश का **सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय -- IIT बॉम्बे।**
**नोट: IIT बॉम्बे** वर्ष 2019 में लगातार दूसरे वर्ष **QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग** में देश के **सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय** के रूप में उभरकर सामने आया है। **मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी** (MIT) को रिकॉर्ड लगातार आठवें वर्ष **दुनिया का सबसे अच्छा विश्वविद्यालय** चुना गया। QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के 16वें संस्करण में 23 भारतीय संस्थानों को शामिल किया गया है जिसमें IIT बॉम्बे (152), IIT दिल्ली (182) और भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर (184) को शीर्ष 200 ग्लोबल यूनिवर्सिटी में स्थान दिया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में 23 में से चार भारतीय संस्थानों ने अपनी रैंकिंग में सुधार किया और सात की रैंक गिर गई। इस वर्ष OP जिंदल ग्लोबल भारत से शामिल होने वाला एकमात्र नया संस्थान है।
14. **सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय** ने ड्राइविंग लाइसेंस के प्रारूप को किसमें बदलने का फैसला किया -- **यूनिवर्सल स्मार्ट कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस।**
**नोट: सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय** ने ड्राइविंग लाइसेंस के प्रारूप को **स्मार्ट कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस** में बदलने का फैसला किया है। मंत्रालय के पास, NIC द्वारा विकसित अपने प्रमुख एप्लिकेशन SARATHI के माध्यम से, सभी ड्राइविंग लाइसेंस धारकों का एक आम देशव्यापी डेटाबेस है। **SARATHI एप्लिकेशन** में वास्तविक समय में ऑनलाइन नकली रिकॉर्ड की पहचान करने और चालान (यदि कोई हो) के बारे में जानकारी प्रदान करने की सुविधा है।
15. **जापान** ने **मणिपुर को** एक युद्ध संग्रहालय **'इंफाल शांति संग्रहालय'** उपहार स्वरूप भेंट किया।
**नोट:** संग्रहालय का उद्घाटन इंफाल युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया गया। **इंफाल युद्ध** को द्वितीय विश्व युद्ध के भयानक युद्धों में से एक माना जाता है, मार्च से जून, 1944 तक इंफाल और कोहिमा



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

के आसपास के क्षेत्रों में ब्रिटिश-नेतृत्व वाली मित्र राष्ट्रों की सेना के साथ हुए युद्ध में भारतीय राष्ट्रीय सेना के साथ लगभग 70,000 जापानी सैनिकों की मृत्यु हो गई थी।

16. गृह मंत्रालय द्वारा जारी **पुलिस स्टेशन रैंकिंग, 2018** के अनुसार, राजस्थान के पुलिस स्टेशन **'कालू'** को देश के **सर्वोत्तम पुलिस स्टेशन** का स्थान दिया गया।
**नोट:** दूसरा स्थान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के निकोबार जिले में 'कैंपबेल बे पुलिस स्टेशन' को दिया गया। तीसरा स्थान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 'फरक्का पुलिस स्टेशन' को दिया गया है, जिसमें व्यायामशाला और खेल के मैदान के अलावा एयर-कंडीशनर जैसी सुविधाएं भी है जो जनता और पुलिस की सहभागिता के लिए एक आरामदायक वातावरण प्रदान करती हैं।

17. 'जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर' 2019 श्रेणी में प्रतिष्ठित **रेड इंक अवार्ड 'रचना खैरा' ने** हासिल किया।
**नोट: रचना खैरा** (पूर्व पत्रकार - द ट्रिब्यून) ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) और इसके आधार डेटा संग्रह की कार्य पद्धति पर वर्ष 2018 में किए गए अपने व्यापक खुलासे के लिए 'जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर' 2019 श्रेणी में प्रतिष्ठित **रेड इंक अवार्ड** हासिल किया। पत्रकारिता में उत्कृष्टता के रेड इंक अवॉर्ड की शुरुआत भारतीय पत्रकारिता में अच्छी गुणवत्ता की रिपोर्टिंग और विश्लेषण, निष्पक्ष काम और उच्च नैतिक मानकों को प्रोत्साहित करने के लिए मुंबई प्रेस क्लब द्वारा की गई थी।

18. नीति आयोग के उपाध्यक्ष **राजीव कुमार** ने **'स्वस्थ देश, प्रगतिशील भारत'** रिपोर्ट का दूसरा संस्करण **नई दिल्ली में** जारी किया।
**नोट:** यह रिपोर्ट स्वास्थ्य परिणामों, शासन और प्रक्रियाओं तथा नीतिगत हस्तक्षेपों के प्रभाव के संदर्भ में स्वास्थ्य पर व्यापक नजर रखती है।

| **श्रेणी** | **बड़े राज्य** | **छोटे राज्य** | **केंद्रशासित प्रदेश** |
|---|---|---|---|
| संपूर्ण प्रदर्शन | 1.केरल<br>2.आंध्र प्रदेश<br>3.महाराष्ट्र | मिजोरम | चंडीगढ़ |
| वृद्धि संबंधी सुधार | 1.हरियाणा<br>2.राजस्थान<br>3. झारखंड | 1.त्रिपुरा<br>2.मणिपुर | दादरा और नगर हवेली |

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. वित्त वर्ष 2020 के लिए देश की अनुमानित औसत GDP **7.1% है।**
**नोट:** उद्योग निकाय **FICCI** के आर्थिक दृष्टिकोण सर्वेक्षण के अनुसार, वर्ष 2019-20 के लिए न्यूनतम और अधिकतम विकास अनुमान 6.8% और 7.3 प्रतिशत था। यह सर्वेक्षण मई 2019 में उद्योग, बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्रों से संबंधित अर्थशास्त्रियों के बीच किया गया था। मुद्रास्फीति के मध्यम रहने की अपेक्षा है और थोक मूल्य सूचकांक (WPI) आधारित मुद्रास्फीति की दर वर्ष 2019-20 में 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

है, जबकि, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) आधारित मुद्रास्फीति वर्ष 2019-20 के लिए औसतन 4 प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान है।

2. **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) ने कॉर्पोरेट ऋणों के लिए द्वितीयक बाजार के विकास पर **टी.एन. मनोहरन समिति की** अध्यक्षता में एक **छह-सदस्यीय समिति** का गठन किया गया।
**नोट:** समिति तनावग्रस्त परिसंपत्तियों के लिए ऋण लेनदेन मंच सहित कॉर्पोरेट ऋणों में द्वितीयक बाजार के विकास की सुविधा के लिए आवश्यक नीति/नियामक हस्तक्षेपों पर सिफारिश प्रदान करेगी।

3. जनवरी-मार्च 2018-19 में भारत की आर्थिक विकास दर पांच वर्ष के न्यनूतम स्तर पर पहुचं गई -- **5.8%.**
**नोट: कैंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय** (CSO) के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान GDP विकास दर 6.8% रही, जो पिछले वित्त वर्ष के 7.2% से कम थी। सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में वृद्धि वर्ष 2014-15 के बाद से न्यूनतम थी।पिछली न्यूनतम दर वर्ष 2013-14 में 6.4 प्रतिशत थी।

4. **RBI की प्रेस विज्ञप्ति** के अनुसार, भारत का **विदेशी मुद्रा भंडार** 1.994 बिलियन बढ़कर **419.992 बिलियन अमेरिकी डॉलर (24 मई, 2019 तक)** हो गया।
**नोट:** इससे पहले भंडार 2.05 बिलियन की कमी के साथ 417.99 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। स्वर्ण भंडार 23.021 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर स्थिर रहा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ भारत का विशेष आहरण अधिकार 0.8 मिलियन बढ़कर 1.445 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि देश की आरक्षित स्थिति भी 2 मिलियन बढ़कर 3.336 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।

5. GST राजस्व संग्रह **मई, 2019** महीने में एक लाख करोड़ रुपये के पार चला गया।
**नोट:** पिछले महीने के दौरान एकत्र किया गया GST पिछले वर्ष की समान अवधि के 94 हजार करोड़ रुपये की तुलना में एक लाख 289 करोड़ रुपये था। मई महीने में कुल 72.45 लाख GSTR-3B रिटर्न दाखिल किए गए।राज्यों को फरवरी-मार्च 2019 महीनों के लिए GST मुआवजे के रूप में 18,934 करोड़ रुपये की धनराशि भी जारी की गई है।

6. **विश्व बैंक** ने **भारत की अर्थव्यवस्था** अगले तीन वर्षों में **7.5%** दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है।
**नोट:** इसी वर्ष 31 मार्च को समाप्त हुए वित्त वर्ष 2018-19 में भारत के 7.2 प्रतिशत की दर से विकास करने का अनुमान है। सरकारी उपभोग में मंदी ठोस निवेश से संतुलित हुई, जिसे सार्वजनिक अवसंरचना खर्च से लाभ हुआ। इसके साथ, भारत सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाला देश बना रखेगा और वर्ष 2021 तक इसकी विकास दर चीन की 6 प्रतिशत से 1.5 प्रतिशत अधिक होने का अनुमान है।इससे पहले, केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) ने दर्शाया था कि वर्ष 2018-19 की चौथी तिमाही में भारत की आर्थिक विकास दर पांच वर्ष के न्यूनतम स्तर 5.8 प्रतिशत पर आ गई है।

7. RBI ने रेपो रेट 25 आधार अंक घटाकर **5.75%** रह गई है।
**नोट:** RBI ने तरलता समायोजन सुविधा (LAF) के तहत पॉलिसी रेपो रेट को तत्काल प्रभाव से 6.0 प्रतिशत से घटाकर 5.75 प्रतिशत कर दिया। फलस्वरूप, LAF के तहत रिवर्स रेपो रेट 5.50 प्रतिशत हो गई।सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) दर और बैंक दर 6.0 प्रतिशत हैं।

**वर्तमान पॉलिसी रेट:**

| | |
|---|---|
| पॉलिसी रेपो रेट | 5.75% |
| रिवर्स रेपो रेट | 5.50 % |
| सीमांत स्थाई सुविधा दार | 6.0% |
| बैंक दर | 6.0% |



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

| | |
|---|---|
| CRR | 4 % |

8. **"भारतीय भुगतान प्रणाली के मानदंडों"** पर एक रिपोर्ट **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)** ने जारी की।
**नोट:** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) भारत में अन्य प्रमुख देशों की भुगतान प्रणाली और उपयोग के रुझान की तुलना में भुगतान प्रणाली पारिस्थितिकी तंत्र की तुलनात्मक स्थिति प्रदान करेगा।"भारतीय भुगतान प्रणाली के मानदंड" प्रमुख देशों की भुगतान प्रणाली और साधनों की तुलना में भारत की प्रगति का आकलन करने के लिए आवश्यक है और भुगतान के डिजिटलीकरण को मजबूत करने के लिए योजनाबद्ध प्रयासों को गति प्रदान करते हैं।
9. **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) ने ATM शुल्क के संपूर्ण विस्तार की समीक्षा के लिए **वी.जी. कन्नन की** अध्यक्षता में **छह सदस्यीय समिति** का गठन किया है।
**नोट:** भारतीय बैंक संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वी.जी. कन्नन समिति की अध्यक्षता करेंगे, इस समिति में राष्ट्रीय भुगतान निगम, SBI, HDFC बैंक, ATM उद्योग परिसंघ और टाटा कम्युनिकेशंस पेमेंट सॉल्यूशन लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। समिति ATM लेनदेन के लिए लागत, शुल्क और विनिमय शुल्क के मौजूदा पैटर्न की समीक्षा करेगी। यह समिति अपनी पहली बैठक की तारीख से दो महीने के अंदर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।
10. **उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग** (DPIIT) के अनुसार, सेवा क्षेत्र में **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश** (FDI) वर्ष 2018-19 में **36.5% (9.15 बिलियन डॉलर)** बढ़ गया।
**नोट:** सरकार ने देश में व्यापार करने में आसानी को बेहतर बनाने और विदेशी निवेश के लिए स्वीकृति और सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं हेतु समयबद्धता तय निर्धारित करने जैसे कई उपाय किए हैं। भारत को अप्रैल, 2000 और मार्च, 2019 के बीच प्राप्त कुल FDI का लगभग 18% इस क्षेत्र से है। पिछले **छह वर्षों में पहली बार वर्ष 2018-19** में कुल FDI निवेश में गिरावट आई है। अच्छी मात्रा में विदेशी निवेश देश के भुगतान संतुलन की स्थिति को बेहतर बनाने में मदद करता है और वैश्विक मुद्राओं, विशेष रूप से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिति को मजबूत करता है।
11. गैर-राज्य ऋणदाता **कोटक महिंद्रा बैंक** पर प्रमोटर शेयरहोल्डिंग विनियामक के आदेश का पालन करने में विफलता के लिए 2 करोड़ रुपये का जुर्माना **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने** लगाया।
**नोट:** भारतीय रिजर्व बैंक का वर्ष 2014 के बाद से बैंक के अरबपति प्रमोटर उदय कोटक द्वारा हिस्सेदारी में कमी करने में विफलता के लिए कोटक महिंद्रा के साथ विवाद चल रहा है।
12. फंसे हुए कर्ज के समाधान के लिए एक नया फ्रेमवर्क **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)** ने जारी किया है, जो तनाव की पहचान के लिए 30-दिन का अंतराल प्रदान करता है।
**नोट:** RBI के अनुसार, ऋणदाताओं के पास समाधान योजनाओं के प्रारूप और कार्यान्वयन के संबंध में पूर्ण अधिकार होगा, जो निर्दिष्ट समयरेखा और स्वतंत्र ऋण मूल्यांकन के अधीन होगा। ऋणदाता ऐसी संपत्तियों को स्पेशल मेंशन अकाउंट (SMA) के रूप में वर्गीकृत करके ऋण खातों में तत्काल तनाव को डिफॉल्ट रूप में पहचान सकते हैं।यदि उधारकर्ता को डिफॉल्ट सूचित किया जाता है, तो उधारदाताओं को डिफॉल्ट के दिन से 30 दिनों के अंदर खाते की प्रथम दृष्टया समीक्षा करनी चाहिए।
13. **करदाताओं को सुविधा प्रदान** करने के लिए एक **नई GST रिटर्न प्रणाली** शुरू करने का फैसला **GST परिषद ने** किया।
**नोट:** योजना के अनुसार, उपयोगकर्ताओं को साधन का स्वरूप समझाने के लिए ऑफलाइन टूल की एक प्रतिकृति पोर्टल पर पहले ही साझा की जा चुकी है। नए रिटर्न के तीन मुख्य घटक हैं - एक मुख्य रिटर्न (FORM GST RET-1) और दो अनुलग्नक (FORM GST ANX-1 और



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

FORM GST ANX-2)। जुलाई और सितंबर, 2019 के बीच स्वयं को इससे सुपरिचित कराने हेतु करदाताओं के लिए नई रिटर्न प्रणाली (केवल अनुलग्नक -1 और अनुलग्नक -2) परीक्षण के लिए उपलब्ध होगी।

**14.** RBI ने लेनदेन के लिए निधि हस्तांतरण के उपयोग पर लगने वाला शुल्क माफ किया -- **NEFT और RTGS.**

**नोट:** RBI ने बैंकों को 1 जुलाई 2019 से अपने ग्राहकों तक लाभों पहुंचाने की सलाह दी है। रिजर्व बैंक अपनी NEFT और RTGS प्रणाली के माध्यम से लेनदेन के लिए बैंकों से न्यूनतम शुल्क वसूलता है। RTGS बड़ी धनराशि के तात्कालिक निधि हस्तांतरण के लिए है जबकि NEFT प्रणाली (प्रत्येक के लिए अलग-अलग निधि हस्तांतरण) का उपयोग करके 2 लाख रुपये तक का निधि हस्तांतरण किया जाता है।

**15.** केंद्र सरकार ने कर्मचारियों और नियोक्ताओं द्वारा **कर्मचारी राज्य बीमा** (ESI) अधिनियम के तहत दिए जाने वाले अंशदान की दर को 6.5% से घटाकर **4%** किया।

**नोट:** इसमें नियोक्ताओं का अंशदान 1.5% कम होकर 3.25% (4.75% से) और कर्मचारियों का अंशदान 1% कम होकर 0.75% (1.75% से) हो गया है। इससे 3.6 करोड़ कर्मचारियों और 12.85 लाख, नियोक्ताओं को लाभ होगा।ESI अधिनियम 1948, श्रम मंत्रालय के तहत, 21,000 रुपये (पहले 15000 रुपये) तक वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारी शामिल करता है। यह ESI योजना के तहत श्रमिकों को आगे के नामांकन की सुविधा प्रदान करेगा और औपचारिक क्षेत्र में अधिक से अधिक श्रमिकों को लाएगा।

**16.** **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) ने **ओपन मार्केट ऑपरेशन (OMO)** तहत बांड खरीद के माध्यम से वित्तीय प्रणाली में 12,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

**नोट:** RBI सरकारी बॉन्ड (सरकारी प्रतिभूति) की खरीद के माध्यम से सिस्टम में नकदी डालने के लिए ओपेन मार्केट ऑपरेशन (OMO) का उपयोग करता है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) ने जून में अब तक भारतीय ऋण बाजारों में 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। OMO मई में 25,000 करोड़ रुपये की OMO खरीद के सामने जून में अब तक कुल निवेश 27,500 करोड़ रुपये पहुंचाते हुए 20 जून को संघटित होगा।

**17.** अमेरिकी खुदरा कंपनी **अमेजन ने** पिछली शीर्ष प्रौद्योगिकी कंपनियों एप्पल और गूगल को पछाड़ते हुए **दुनिया की सबसे मूल्यवान ब्रांड वाली कंपनी** बनी।

**नोट:** कंतार ग्रुप की वर्ष 2019 की 100 टॉप ब्रांड्ज़ रिपोर्ट के अनुसार, अमेजन का ब्रांड मूल्य 52% बढ़कर 315 बिलियन डॉलर हो गया है। अमेजन ने गूगल की जगह लेते हुए तीसरे से पहले स्थान पर छलांग लगाई - जो पहले स्थान से तीसरे स्थान पर चली गई, जबकि एप्पल दूसरे स्थान पर रही।

**18.** **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) की आर्थिक एवं वित्तीय स्थिरता के दीर्घकालिक समाधान सुझाने के लिए कौन सी **आठ सदस्यीय विशेषज्ञ समिति** का गठन किया -- **यू.के. सिन्हा समिति**।

**नोट:** इस समिति की अध्यक्षता सेबी के पूर्व अध्यक्ष **यू.के. सिन्हा** करेंगे। समिति MSME क्षेत्र के लिए समय पर और **पर्याप्त पूंजी उपलब्धता** को प्रभावित करने वाले कारकों की जांच करेगी। केंद्रीय बैंक ने दिसंबर, 2018 की मौद्रिक नीति घोषणा में इस विशेषज्ञ समिति के गठन की घोषणा की थी।

**19.** **भारतीय रिजर्व बैंक** ने **सरकारी बॉन्ड की** खरीद के माध्यम से सिस्टम में **12,500 करोड़ रुपये की नकदी** डालेगा।

**नोट:** RBI के अनुसार, उसने 20 जून, 2019 को 12,500 करोड़ रुपये की कुल धनराशि के लिए OMO के तहत पांच सरकारी प्रतिभूतियों को खरीदने का फैसला किया है। 11 जून को, RBI ने OMO के तहत छह सरकारी बॉन्ड की खरीद के माध्यम से 15,000 करोड़ रुपये सिस्टम में डाले थे।



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

20. **भारतीय वाणिज्यिक अचल संपत्ति** (रियल एस्टेट) ने वर्ष 2019 की पहली तिमाही तक पिछले 12 महीनों के समय में **2.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर** अंतर्गामी सीमा-पार पूंजी निवेश को आकर्षित किया।
**नोट:** 0.7 बिलियन डॉलर के निवेश के साथ सिंगापुर भारतीय वाणिज्यिक अचल संपत्ति के लिए सबसे बड़ा पूंजी स्रोत देश था, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया और जापान रहे। 2.6 बिलियन डॉलर के निवेश के साथ, भारत वैश्विक स्तर पर आयात करने वाले शीर्ष देशों के बीच 20वें स्थान पर था, जबकि चीन 14.30 बिलियन डॉलर के निवेश के साथ 6वें स्थान पर था। अमेरिका 80.89 बिलियन डॉलर के निवेश के साथ वैश्विक रूप से शीर्ष पूंजी आयातक देश था।

21. **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) ने **रबी एन. मिश्रा** को **कार्यकारी निदेशक** (ED) के पद पर पदोन्नत किया।
**नोट:** वह इससे पहले केंद्रीय बैंक के जोखिम प्रबंधन विभाग में मुख्य महाप्रबंधक का पद संभाल रहे थे।रोज़मैरी सेबेस्टियन की सेवानिवृत्ति के बाद पद रिक्त था। उन्होंने बैंकिंग पर एक पुस्तक भी लिखी है, जिसके शीघ्र ही विमोचित होने की संभावना है। केंद्रीय बैंक में वर्तमान में मुख्य कार्यकारी अधिकारियों सहित 12 कार्यकारी निदेशक हैं।

22. **रैंडस्टेड इम्प्लॉयर ब्रांड रिसर्च** (REBR) 2019 द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, **भारत का सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांड अमेजन इंडिया है।**
**नोट:** माइक्रोसॉफ्ट इंडिया उपविजेता रहा और इसके बाद सोनी इंडिया का स्थान रहा। REBR 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, अमेजन ने वित्तीय हालात, नवीनतम तकनीकों के उपयोग और एक मजबूत प्रतिष्ठा के आधार पर उच्च स्कोर किया।गूगल इंडिया को लगातार तीन वर्षों से सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांड का प्रतिष्ठित खिताब जीतने के लिए पिछले वर्ष REBR की हॉल ऑफ फेम श्रेणी में शामिल किया गया था।

23. **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) ने निजी क्षेत्र के **HDFC बैंक** पर 'ग्राहक को जानो' (KYC) और एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग मानदंडों का पालन न करने और धोखाधड़ी की रिपोर्ट पेश करने में विफलता के लिए **1 करोड़ रुपये का जुर्माना** लगाया।
**नोट:** यह जुर्माना **बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949** की धारा 46(4)(i) के साथ धारा 47A(1)(c) के प्रावधानों के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करके लगाया गया, यह जुर्माना RBI द्वारा पूर्वकथित निर्देशों का पालन करने में बैंक की विफलता के लिए लगाया गया।

24. **इंडसइंड बैंक** और **भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड** (BFIL) का विलय **4 जुलाई, 2019 से** प्रभावी होगा।
**नोट: राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण** ने 10 जून, 2019 को BFIL, इंडसइंड बैंक और इंडसइंड फाइनेंशियल इन्क्लूजन और उनके संबंधित शेयरधारकों एवं लेनदारों के बीच व्यवस्था योजना को मंजूरी दी। इंडसइंड बैंक ने पिछले वर्ष अक्टूबर में देश की प्रमुख माइक्रो-फाइनेंस कंपनी BFIL का अधिग्रहण करने का फैसला किया था, जिसे पहले SKS माइक्रोफाइनेंस के नाम से जाना जाता था।

25. **वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद** (FSDC) की 20वीं बैठक नई दिल्ली में **निर्मला सीतारमण के** अध्यक्षता में संपन्न हुई।
**नोट:** बैठक में अन्य विषयों के साथ वर्तमान वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और वित्तीय स्थिरता के मुद्दों की समीक्षा की गई। सुश्री सीतारमण 5 जुलाई को नई सरकार का पहला बजट पेश करेंगी। वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद (FSDC) का गठन दिसंबर 2010 में किया गया था। FSDC की स्थापना वित्तीय स्थिरता बनाए रखने, अंतर-नियामक तालमेल बढ़ाने और वित्तीय क्षेत्र के विकास में सहायता के लिए तंत्र को मजबूत और संस्थागत करने हेतु की गई थी।

26. DBS बैंक ने **वित्त वर्ष 2020** के लिए भारत की GDP विकास दर कम करके **6.8%** प्रतिशत की।



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

27. **केनरा** बैंक के ग्राहक महीने में केवल तीन बार **नि:शुल्क नकद जमा** कर सकते हैं।
**नोट:** 50,000 रुपये तक नकद जमा एक महीने में तीन बार नि:शुल्क है, और इसके ऊपर उनसे न्यूनतम 50 रुपये और अधिकतम 5,000 (GST सहित) के साथ प्रति हजार रुपये पर 1 रुपये सेवा शुल्क लिया जाएगा। 50,000 रुपये तक नकद जमा केनरा बैंक के ग्राहकों के लिए मुफ्त है।

28. **अपोलो हॉस्पिटल ग्रुप** की पूरी **50.8% हिस्सेदारी** 1,136 करोड़ रुपये में खरीदने के लिए अपोलो म्यूनिख हेल्थ इंश्योरेंस के साथ एक निर्णायक समझौते पर **HDFC लिमिटेड ने** हस्ताक्षर किए।
**नोट:** HDFC द्वारा शेयरों के अधिग्रहण के बाद, अपोलो म्यूनिख का पहले की जनरल इंश्योरेंस सहायक कंपनी - HDFC ERGO में विलय कर दिया जाएगा। ERGO, Munich Re की एक सहायक कंपनी है, जो वर्ष 2008 से HDFC ERGO की संयुक्त उद्यम सहयोगी है। Munich Re विलय के बाद HDFC ERGO में 49% हिस्सेदारी अपने पास रखेगी।

29. सॉफ्टवेयर और बिजनेस री-इंजीनियरिंग सर्विसेज फर्म जिसने **एयरबस** के साथ केबिन और कार्गो डिजाइन के लिए एक बहु-वर्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की -- **टेक महिंद्रा।**
**नोट:** टेक महिंद्रा ने कहा कि वह अगले कुछ वर्षों में अपने केबिन इंजीनियरिंग व्यवसाय को बढ़ाने का लक्ष्य बना रही है।कंपनी अगली पीढ़ी की तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), साइबर सुरक्षा, रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, ब्लॉकचेन और 5G पर बड़ा दांव लगा रही है, ताकि उन्नत समाधान और सेवा प्रदान करके ग्राहकों की मूल व्यावसायिक समस्याओं को हल किया जा सके।

30. वायदे के सौदों और भविष्य के विकल्प खंड में मार्जिन की वर्तमान रूपरेखा की समीक्षा करने का फैसला **भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) ने** किया।
**नोट:** सेबी ने NSE क्लियरिंग लिमिटेड की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समूह का गठन किया है, जो इस मुद्दे पर विचार करेगा और माध्यमिक बाजार सलाहकार समिति को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगा।

31. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने **दिल्ली में** आयोजित GST परिषद की 35वीं बैठक की अध्यक्षता की।
**नोट:** परिषद ने मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण का कार्यकाल नवंबर, 2021 तक दो वर्ष के लिए बढ़ा दिया। परिषद ने GST पंजीकरण के लिए पहचान और पते के प्रमाण के रूप में आधार का उपयोग करने का निर्णय लिया है। किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी, और वन-टाइम पासवर्ड का उपयोग करके प्रमाणीकरण किया जा सकता है।

32. NTPC लिमिटेड और PGCIL लिमिटेड ने **राष्ट्रीय विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (NEDCL) की** स्थापित करने के लिए एक **समझौते पर हस्ताक्षर** किए।
**नोट:** NEDCL के समझौते के अनुसार, यह 50:50 शेयर के आधार पर NTPC और PGCIL के बीच एक संयुक्त उद्यम होगा। **राष्ट्रीय विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड** (NEDCL) विभिन्न राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों (UT) के वितरण क्षेत्रों में बिजली वितरण और अन्य संबंधित गतिविधियों में व्यवसाय करेगी।यह बिजली वितरण क्षेत्र को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा क्योंकि सामग्रियों और वाहनों को अलग करने से एक से अधिक बिजली आपूर्तिकर्ता के बीच अधिक प्रतिस्पर्धा आएगी।

33. अपने पद से इस्तीफा देने वाले RBI के डिप्टी गवर्नर **विरल वी. आचार्य है।**
**नोट:** श्री आचार्य जनवरी, 2017 में रिजर्व बैंक में शामिल हुए थे और आर्थिक उदारीकरण के बाद RBI के सबसे युवा डिप्टी गवर्नर थे। आचार्य सी.वी. स्टार प्रोफेसर ऑफ इकोनॉमिक्स के रूप में न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी जाएंगे। आचार्य के इस्तीफे के साथ, RBI में अब तीन डिप्टी गवर्नर एन.एस. विश्वनाथन, बी.पी. कानूनगो और एम.के. जैन हैं।



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

34. **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) के गवर्नर **शक्तिकांत दास** ने बैंकों और NBFC के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए एक CMS लॉन्च किया -- **cms.rbi.org.in.**

**नोट: शिकायत प्रबंधन प्रणाली** (CMS) एक सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन है, जिसका उद्देश्य RBI की शिकायत निवारण प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाना है। एप्लीकेशन ऑटो-जनरेट रसीद के माध्यम से शिकायतकर्ताओं को सूचित करके पारदर्शिता में सुधार लाता है और उनकी शिकायतों का जायजा लेने में सक्षम बनाता है और जहां उपयोग हो, लोकपाल के निर्णयों के खिलाफ ऑनलाइन अपील दर्ज करता है। RBI ने शिकायतों की स्थिति पर नजर रखने के लिए एक विशेष इंटरेक्टिव वॉइस रिस्पांस (IVR) प्रणाली शुरू करने की योजना बनाई है।

35. **भारतीय स्टेट बैंक** (SBI) **लघु एवं मध्यम उद्यम (SME) के** साथ अपने संबंधों को बढ़ाने के लिए सिंगापुर में अपने बाजार का विस्तार करने की योजना बना रहा है।

**नोट:** SBI वर्ष 2008 से एक पूर्णकालिक बैंक के रूप में सिंगापुर के खुदरा और कॉर्पोरेट क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। बैंक की द्वीप राष्ट्र में छह शाखाएं और ATM5 नेटवर्क के अंतर्गत ATM सेवाएं हैं और दो प्रेषण केंद्र हैं। SBI ने वहां विस्तृत वित्तीय सेवाओं के प्रबंधन के लिए अपना YONO ऐप प्रदान करने की योजना बनाई है, जो एक फिंगरटिप ओमनीचैनल सेवा है।

36. सभी बैंकों को सभी मूल्यवर्ग के सिक्के स्वीकार करने की सलाह **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने** दी।

**नोट: भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) ने सभी बैंकों को सलाह दी है कि वे अपनी सभी शाखाओं को तत्काल प्रभाव से सभी मूल्यवर्ग के सिक्के स्वीकार करने का निर्देश दें। भारतीय रिजर्व बैंक की सलाह विभिन्न बैंकों की शाखाओं द्वारा सिक्के नहीं लेने की शिकायतें मिलने के बाद आई है। रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों को लेन-देन या विनिमय के लिए अपने काउंटरों पर दिए गए सभी मूल्यवर्ग के सिक्के स्वीकार करने की सलाह दी और इसका सख्ती से पालन करने को कहा है।

37. **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) के अनुसार, भुगतान से संबंधित सभी आंकड़े (डेटा) केवल **भारत में** स्थापित प्रणालियों में संग्रहीत किए जाएंगे।

**नोट:** अप्रैल 2018 में, RBI ने 'भुगतान प्रणाली आंकड़ों के संग्रह' पर एक निर्देश जारी किया था। RBI ने सभी सिस्टम प्रदाताओं को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी थी कि उनके द्वारा छह महीने की अवधि के अंदर संचालित भुगतान प्रणालियों से संबंधित संपूर्ण आंकड़े केवल भारत में स्थापित प्रणाली में संग्रहीत किए जाएं। विदेश में प्रसंस्करण की स्थिति में डेटा विदेश की प्रणालियों में होना चाहिए और भुगतान प्रसंस्करण से एक कार्य दिवस के अंदर या 24 घंटे में वापस लाया जाना चाहिए, जो भी पहले हो।

38. स्वास्थ्य बीमा प्रदाता कंपनी **'मैक्स बूपा'** ने किस उद्देश्य से **मोबिक्विक के साथ साझेदारी** की घोषणा की -- **स्वास्थ्य बीमा।**

**नोट: 'मैक्स बूपा'** ने देश भर में मोबिक्विक के 107 मिलियन ग्राहकों के लिए प्रभावी आकार के समूह स्वास्थ्य बीमा उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए फिनटेक प्लेटफार्म **मोबिक्विक के साथ साझेदारी** की घोषणा की। प्रभावी (छोटे एवं किफायती) आकार के बीमा उत्पाद को स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की तुलना में खरीदना अधिक आसान है, ये मुख्य रूप से कामकाजी पेशेवरों और युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किए जाते हैं। हॉस्पी कैश (Hospi Cash) उत्पाद का मूल्यांकन सालाना प्रीमियम के रूप में न्यूनतम 135 रुपये पर किया जाएगा, जो ग्राहकों को एक साल में अधिकतम 30 दिनों के लिए अस्पताल भेजी जाने वाली रकम के रूप में प्रतिदिन 500 रुपये प्रदान करेगा।

39. केंद्र सरकार ने छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में **0.1%** कटौती की ।

**नोट:** जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए **राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र** और **सार्वजनिक भविष्य निधि** सहित छोटी बचत योजनाओं की **ब्याज दर में 0.1% की कमी** की है।



SSC 2019 प्लस पैक फ्री मॉक लें

PPF और NSC पर 8 प्रतिशत की मौजूदा दर के बजाय 7.9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर प्रदान की जाएगी, जबकि किसान विकास पत्र पर 113 महीनों की परिपक्वता अवधि के साथ 7.6 प्रतिशत दर प्राप्त होगी। वर्तमान में, किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.7 प्रतिशत और परिपक्वता अवधि 112 महीने है। कन्या बचत योजना सुकन्या समृद्धि खाता पर 8.5 प्रतिशत के बजाय 8.4 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा। पंच वर्षीय वरिष्ठ नागरिक बचत योजना पर ब्याज दर अब 8.7 प्रतिशत के बजाय 8.6 प्रतिशत होगी।

40. **भारत** ने **तपेदिक (टीबी)** के उन्मूलन हेतु **विश्व बैंक के साथ 400 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते** पर हस्ताक्षर किए।

**नोट: भारत** ने तपेदिक (टीबी) का इलाज करने और देश से उसका अंत करने में सहायता के लिए **विश्व बैंक के साथ 400 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते** पर हस्ताक्षर किए हैं। **विश्व बैंक समर्थित कार्यक्रम** नौ राज्यों में आयोजित होगा और यह सरकार की राष्ट्रीय सामरिक योजना वर्ष '2025 तक भारत में टीबी का अंत' में सहायता करेगा। यह कार्यक्रम टीबी के मामले दर्ज करने के लिए देखभाल करने वाले निजी क्षेत्र के प्रदाताओं को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि उनके मरीज पूर्ण उपचार प्राप्त करें।

## श्रद्धांजलियां

1. वैश्विक स्तर पर 'एवरग्रीन टी मैन ऑफ इंडिया' के रूप में प्रसिद्ध अनुभवी उद्योगपति **बृज मोहन खेतान** का निधन हो गया।
   **नोट:** विलियमसन मैगॉर ग्रुप ड्राई-सेल बैटरी (एवरेडी इंडस्ट्रीज), चाय (मैकलॉड रसेल), इंजीनियरिंग सेवाओं (मैकनैली भारत इंजीनियरिंग) और अन्य गैर-सूचीबद्ध कंपनी से संबंधित है।
2. विश्व प्रसिद्ध नर्तक **क्वीन हरी** का राजस्थान के जोधपुर में कपर्दा गांव के पास एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया।
   **नोट:** हरीश ने अपनी अलग नृत्य शैली से जैसलमेर को एक नई पहचान दी। हरीश कुमार को लोकप्रिय नाम क्वीन हरीश से जाना जाता था और उनके कार्यक्रमों में घूमर, कालबेलिया, चांग, भवाई, चारी जैसे विभिन्न लोक-नृत्य शैलियों को शामिल किया गया था।
3. बंगाली गायिका-अभिनेत्री **रूमा गुहा ठाकुरता का** निधन हो गया।
   **नोट:** वह कलकत्ता यूथ क्वायर (CYC) (वर्ष 1958 में) की संस्थापक थीं, जिसने बंगाल में 'गाना संगीत' या सामूहिक गीतों को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रूमा गुहा ठाकुरता ने अपने अभिनय की शुरुआत अमिय चक्रवर्ती की ज्वार भाटा (1944) से की थी। उनका विवाह वर्ष 1951 में किशोर कुमार से हुआ था और इस शादी से उनका एक पुत्र अमित कुमार था।
4. उत्तराखंड के वित्त मंत्री **प्रकाश पंत का** निधन हो गया।
   **नोट:** प्रकाश पंत संयुक्त राज्य अमेरिका के टेक्सास में फेफड़े की बीमारी का इलाज करा रहे थे। उत्तराखंड सरकार ने दिवंगत नेता के सम्मान के रूप में तीन दिवसीय शोक घोषित किया है। वह उत्तराखंड विधान सभा के पहले अध्यक्ष थे।
5. गॉडफादर के अभिनेता **कारमाइन कारिदी का** हाल ही में निधन हो गया।
   **नोट:** द गॉडफादर फ्रैंचाइज में भूमिकाओं के लिए प्रसिद्ध **कारमाइन कारिदी** (85 वर्षीय) का निधन हो गया। अनुभवी अभिनेता कारिदी "द गॉडफादर" तिकड़ी के



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

अंतिम भाग में एक अलग भूमिका (अल्बर्ट वोल्पे) में दिखाई दिए - जो माइकल कोरलियोन के कैसीनो में एक निवेशक है और अटलांटिक सिटी के एक होटल में हुए हमले में मारा गया है।

6. UEFA के पूर्व अध्यक्ष **लेनार्ट जोहानसन** का बीमारी के बाद निधन हो गया।
   **नोट:** लेनार्ट जोहानसन वर्ष 1990 से 2007 तक यूरोपीय फुटबॉल संस्था UEFA के अध्यक्ष थे। जोहानसन के लंबे समय तक UEFA के अध्यक्ष पद पर रहने से फुटबॉल की आमदनी में परिवर्तन हुआ और खेल एक बड़ा व्यवसाय बन गया और टीवी राजस्व में भारी वृद्धि देखी गई। वर्ष 1998 में, उन्हें सेप ब्लाटर ने फुटबॉल के वैश्विक महासंघ फीफा के अध्यक्ष पद के चयन के लिए हराया था।

7. प्रसिद्ध अभिनेता, नाटककार और ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता **गिरिश कर्नाड** का बेंगलुरु में निधन हो गया।
   **नोट:** 1960 के दशक में कन्नड़ नाटककार के रूप में ख्याति प्राप्त करने के बाद, वह बाद के वर्षों के दौरान समीक्षकों द्वारा प्रशंसित अभिनेता और फिल्म निर्माता बन गए। ज्ञानपीठ पुरस्कार के अलावा, कर्नाड को पद्म श्री और पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया था। वम्श वृक्षा, एक था टाइगर, नागमण्डला और मालगुडी डेज़ उनकी कुछ फिल्म और टीवी धारावाहिक हैं जिनमें उन्होंने अभिनय किया है तथा ओडाकलुबिम्बा, तलेदांडा और अग्निवर्षा: द फायर एंड द रेन उनके द्वारा लिखे गए कुछ नाटक हैं।

8. लोकप्रिय **तमिल नाटककार** और रंगमंच एवं फिल्म कॉमेडियन **क्रेज़ी मोहन** का चेन्नई के **कावेरी अस्पताल** में निधन हो गया।
   **नोट:** उन्होंने लेखन में अपना हाथ आजमाया और **100 से अधिक लघु कथाएं**, 30 नाटक लिखे, 40 से अधिक फ़िल्मों में काम किया, जिनमें कमल हासन अभिनीत "अव्वै शण्मुघी", "वसूल राजा एम.बी.बी.एस", और "माइकल मधाना कामराजन" और अन्य शामिल थीं।क्रेजी मोहन कला और साहित्य के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता के लिए तमिलनाडु राज्य सरकार के कलाईममाणि पुरस्कार प्राप्तकर्ता थे।

9. पुडुचेरी के **पूर्व मुख्यमंत्री और DMK नेता** जिनका पुडुचेरी के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया -- **आर.वी. जानकीरमन।**
   **नोट:** श्री जानकीरमन ने वर्ष 1996 से 2000 के बीच पुडुचेरी के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया था। वह लगातार पांच बार (1985, 1990, 1991, 1996 और 2001) नेल्लीथोपे निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे। वह वर्ष 2006 में AIADMK के उम्मीदवार ओम शक्ति सेकर से चुनाव हार गए थे।

10. अनुभवी पत्रकार और पूर्व राज्यसभा सांसद **राजनाथ सिंह 'सूर्य'** का बीमारी के बाद उत्तर प्रदेश के लखनऊ में निधन हो गया।
    **नोट:** एक कट्टर RSS नेता श्री सूर्य ने विभिन्न समाचार पत्रों में काम किया और वे एक प्रसिद्ध समीक्षक थे।

11. मलेशियाई बैडमिंटन स्टार **ली चोंग वेई ने** कैंसर से संघर्ष के बाद संन्यास की घोषणा की।
    **नोट:** ली चोंग वेई (तीन बार के ओलंपिक रजत पदक विजेता) को पिछले वर्ष शुरुआती चरण के नाक के कैंसर का पता चला था लेकिन ताइवान में गहन उपचार के बावजूद वह प्रतिस्पर्धा में नहीं लौट सके। ली वर्ष 2008 से 2012 तक लगातार 199 सप्ताह एकल खिलाड़ी के रूप में पहला स्थान पर थे। उन्होंने कई सम्मान हासिल किए, लेकिन कभी भी एक विश्व या ओलंपिक खिताब नहीं जीता।

12. कवि और गीतकार जिनका तिरुवनंतपुरम के एक निजी अस्पताल में **पझाविला रमेशन का** निधन हो गया।
    **नोट:** पझाविला रमेशान को उनके योगदान के लिए केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने असमसकलोडे, मलूटी, अंकल बन, वसुधा और अन्य फिल्मों के लिए गीत भी लिखे थे। रमेशन ने लंबे



SSC 2019 प्लस पैक फ्री मॉक लें

समय तक केरल भाषा संस्थान के निदेशक के रूप में भी कार्य किया था।

13. DMK विधायक **रथमणि** का पुदुचेरी के जिपमेर अस्पताल में निधन हो गया।

**नोट:** वह कैंसर से पीड़ित थे और हाल ही में जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन (JIPMER), पुदुचेरी में भर्ती हुए थे। उन्होंने विक्कीरवांडी विधानसभा चुनाव क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

14. मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति **मोहम्मद मुर्सी** का निधन हो गया।

**नोट:** उन्होंने 30 जून 2012 से 3 जुलाई, 2013 तक मिस्र के राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया।

15. पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री **अब्दुल सत्तार का** निधन हो गया।

**नोट:** श्री सत्तार ने तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ की सरकार (वर्ष 1999 से 2002 तक) में विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया था। वह उस मुशर्रफ प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे जो वर्ष 2001 में ऐतिहासिक आगरा शिखर सम्मेलन के दौरान भारत आया था। सत्तार ने वर्ष 1986-88 तक विदेश सचिव के रूप में भी कार्य किया।सत्तार एक लेखक भी थे और उन्होंने पाकिस्तान की विदेश नीति पर एक पुस्तक भी लिखी थी।

16. भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद **मदनलाल सैनी का** नई दिल्ली में निधन हो गया।

**नोट:** श्री सैनी फेफड़ों के संक्रमण से पीड़ित थे और उन्हें एम्स में इलाज के लिए दिल्ली लाया गया था। राजस्थान के सीकर जिले से आने वाले सैनी को पिछले वर्ष भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

17. अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी **मोहन रानाडे का** लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।

**नोट:** मोहन रानाडे ने वर्ष 1950 में एक शिक्षक के रूप में गोवा में प्रवेश किया और पुर्तगाली शासन के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह करने के लिए आजाद गोमंतक दल नामक एक संगठन की स्थापना की। उन्हें गोवा के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के साथ-साथ केंद्र सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। मोहन रानाडे ने गोवा मुक्ति आंदोलन के दौरान अपने अनुभव के आधार पर दो पुस्तकें - अंग्रेजी में 'स्ट्रगल अनफिनिस्ड' और मराठी में 'सतीचे वान' लिखी थीं।

18. प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु **स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज** का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।

**नोट:** प्रसिद्ध सिद्ध पुरुष स्वामी महाराज उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित प्रसिद्ध मंदिर 'भारत माता मंदिर' के संस्थापक और प्रमुख थे। उनका जन्म आगरा में मूलनाम- अंबिका प्रसाद के रूप में हुआ था।

19. प्रख्यात सामाजिक कार्यकत्री **झरना धरा चौधरी** का बांग्लादेश की राजधानी ढाका में निधन हो गया।

**नोट:** वह अहिंसा और सांप्रदायिक सद्भाव के गांधीवादी सिद्धांतों से बहुत प्रभावित थीं। झरना धरा चौधरी के काम को सम्मानित करने के लिए उन्हें वर्ष 2013 में पद्म श्री और वर्ष 1998 में जमनालाल बजाज पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें कई अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कार जैसे बेगम रोकेया पदक, गांधी सेवा पुरस्कार और एकुशे पदक भी प्रदान किए गए।

20. प्रख्यात अभिनेत्री-फिल्म निर्मात्री **विजया निर्मला का** हैदराबाद में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

**नोट:** अभिनेत्री, निर्मात्री और निर्देशक के रूप में काम करने वालीं विजया निर्मला (तमिलनाडु में जन्मीं) को मुख्य रूप से तेलुगु सिनेमा में उनके काम के लिए जाना जाता था। उन्होंने तमिल, तेलुगु और मलयालम में 200 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया। वर्ष 2008 में, उन्हें तेलुगु सिनेमा में उनके योगदान के लिए रघुपति वेंकैया पुरस्कार प्रदान किया गया।

21. प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी **मोहम्मद बाजी का** ओडिशा में निधन हो गया।

**नोट:** वे आदिवासी नागरिक अधिकार कार्यकर्ता लक्ष्मण नायक के करीबी सहयोगी थे। वह वर्ष 1936 में भारतीय



SSC 2019 प्लस पैक फ्री मॉक लें

राष्ट्रीय कांग्रेस और 19 अगस्त, 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल हुए। बाजी वर्ष 1942 के आंदोलन के दौरान पुलिस की गोलीबारी में तब घायल हो गए थे जब मलकानगिरी जिले के मैथिली पुलिस स्टेशन के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए 29 आदिवासियों की मृत्यु हो गई थी।

22. बंगाल के पूर्व क्रिकेटर **श्याम सुंदर मित्रा का** कोलकाता के साल्ट लेक में निधन हो गया।
**नोट:** बंगाल के पूर्व क्रिकेटर **श्याम सुंदर मित्रा** (82 वर्षीय) का कोलकाता के साल्ट लेक स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। रणजी ट्रॉफी में बंगाल की कप्तानी करने वाले मित्रा, एक दाएं हाथ के बेहतरीन बल्लेबाज और मध्यम गति के तेज गेंदबाज थे। उन्हें बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा कार्तिक बोस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. विश्व दुग्ध दिवस हर वर्ष **1 जून को** मनाया जाता है।
**नोट:** भारत में विश्व दुग्ध दिवस 2019 का विषय 'दूध पियो: आज और हर रोज' (Drink Milk: Today & Everyday) है। विश्व दुग्ध दिवस वैश्विक आहार के रूप में दूध की आवश्यकता को पहचानने के लिए **संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन** (FAO) द्वारा स्थापित एक दिवस है।
2. ग्लोबल पैरेंट्स डे हर वर्ष **1 जून को** मनाया जाता है।
**नोट:** यह वैश्विक दिवस दुनिया के सभी हिस्सों में बच्चों के प्रति निःस्वार्थ प्रतिबद्धता और इस रिश्ते को पोषित करने के प्रति माता-पिता के आजीवन बलिदान हेतु सभी माता-पिता की सराहना करने का अवसर प्रदान करता है।वर्ष 2012 में यह दिवस **संयुक्त राष्ट्र महासभा** द्वारा A/RES/66/292 प्रस्ताव के माध्यम से पूरे विश्व में माता-पिता का सम्मान करने के लिए घोषित किया गया था।
3. तेलंगाना ने अपना पांचवां स्थापना दिवस **2 जून, 2019 को** मनाया।
**नोट:** तेलंगाना की स्थापना 2 जून, 2014 को आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद हुई थी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने हैदराबाद के पब्लिक गार्डन स्थित जुबली हॉल के लॉन में आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम में तिरंगा फहराया। तेलंगाना की सीमा उत्तर एवं उत्तर-पश्चिम में महाराष्ट्र राज्य, पश्चिम में छत्तीसगढ़, कर्नाटक और पूर्व एवं दक्षिण में आंध्र प्रदेश से लगी हुई है।
4. संयुक्त राष्ट्र (UN) द्वारा विश्व साइकिल दिवस (WBD) हर वर्ष **3 जून को** मनाया जाता है।
**नोट:** WBD को मंजूरी परिवहन एवं खाली समय के लिए साइकिल का उपयोग करने के कई सामाजिक लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु आधिकारिक संयुक्त राष्ट्र दिवस के रूप में 12 अप्रैल, 2018 को दी गई थी।
5. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) देश भर में **'वित्तीय साक्षरता सप्ताह' 3 से 9 जून तक** मनाया।
**नोट:** वित्तीय साक्षरता सप्ताह एक केंद्रित अभियान के माध्यम से हर वर्ष प्रमुख विषयों पर जागरूकता फैलाने वाली RBI की एक पहल है। इस वर्ष का विषय - 'किसान और उन्हें औपचारिक बैंकिंग प्रणाली का हिस्सा बनाकर कैसे लाभान्वित किया जाए (Farmers and how they benefit by being a part of the formal banking system) है।
6. **आक्रामकता के शिकार मासूम बच्चों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस** प्रत्येक वर्ष संयुक्त राष्ट्र (UN) द्वारा **4 जून को** मनाया जाता है।
**नोट:** यह दिवस 19 अगस्त, 1982 को प्रमाणित किया गया था। इसका उद्देश्य समूचे विश्व में उन बच्चों द्वारा सहे गए दर्द को स्वीकार करने हेतु विस्तारित है





जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक दुर्व्यवहार से पीड़ित हैं।

7. **विश्व पर्यावरण दिवस** (WED) दुनिया भर में पर्यावरण की सुरक्षा हेतु जागरूकता एवं कार्यवाही को प्रोत्साहित करने के लिए हर वर्ष **5 जून को** मनाया जाता है।
   **नोट:** विश्व पर्यावरण दिवस 2018 का विषय **"वायु प्रदूषण को परास्त करना"** (Beat Air Pollution) है। चीन इस आयोजन के 44वें संस्करण का वैश्विक मेजबान राष्ट्र है। विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण सुरक्षा की जागरूकता को प्रोत्साहित करने और इसकी आवश्यकता को बढ़ावा देने का एक मंच है।

8. महाराणा प्रताप जयंती (479वां जन्मदिवस) हर वर्ष **6 जून को** मनाई जाती है।
   **नोट:** महाराणा प्रताप आधुनिक राजस्थान के एक प्रांत मेवाड़ के 13वें राजपूत राजा थे। वह उदय सिंह की मृत्यु के बाद 1572 में मेवाड़ के राजा बने। वह महाराणा उदय सिंह और महारानी जयवंता बाई के सबसे बड़े पुत्र थे।18 जून 1576 को, हल्दीघाटी का प्रसिद्ध युद्ध महाराणा प्रताप और आमेर के मान सिंह प्रथम के नेतृत्व में अकबर की सेना के बीच लड़ा गया था।

9. **विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस** (WFSD) दुनिया भर में हर वर्ष **7 जून को** मनाया जाता है।
   **नोट:** विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस (WFSD) 2019 का विषय "खाद्य सुरक्षा, सभी का कार्य" (Food Safety, everyone's business) है। खाद्य सुरक्षा संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण साधन है और यह सरकारों, उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच एक साझा जिम्मेदारी है।

10. विश्व महासागर दिवस (WOD) मनाया हर वर्ष **8 जून को** जाता है।
    **नोट:** विश्व महासागर दिवस- 2019 का विषय "प्रकृति और महासागर" (Gender and Oceans) है। इस अनुयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य हितकर महासागर के लिए प्लास्टिक प्रदूषण को रोकना और समाधान को बढ़ावा देना है। महासागर परियोजना ने वर्ष 2002 से वैश्विक स्तर पर विश्व महासागर दिवस को बढ़ावा दिया और समन्वयित किया है।

11. **विश्व बाल श्रम निषेध दिवस** हर वर्ष **12 जून को** मनाया जाता है।
    **नोट:** इस वर्ष, विश्व बाल श्रम निषेध दिवस और कार्य स्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य का विश्व दिवस युवा श्रमिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य में सुधार लाने और बाल श्रम का अंत करने की वैश्विक आवश्यकता के उद्देश्य से सुर्खियों में है।

12. **अंतर्राष्ट्रीय रंगहीनता जागरूकता दिवस 13 जून को** मनाया जाता है।
    **नोट:** 2019 अंतर्राष्ट्रीय रंगहीनता जागरूकता दिवस का विषय 'Still Standing Strong' है।अवर्णकता (अल्बेनिज्म) जन्म से मौजूद एक दुर्लभ, गैर-संक्रामक, वंशानुगत असमानता है, और इसे अभी भी सामाजिक और मानसिक रूप से गलत समझा जाता है।

13. विश्व रक्तदाता दिवस दुनिया भर में हर वर्ष **14 जून को** मनाया जाता है।
    **नोट:** यह दिवस जरूरतमंद रोगियों के लिए गुणवत्ता, सुरक्षा और रक्त एवं रक्त उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दृष्टि से नियमित रक्त दान की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाता है। सार्वभौमिक स्वास्थ्य सूचना प्रदान करने के एक घटक के रूप में इस वर्ष का विषय 'रक्तदान और सुरक्षित रक्त-आधान के लिए पूरे विश्व तक पहुंच' (Blood Donation and Universal Access to Safe Blood Transfusion) है।विश्व रक्तदाता दिवस **विश्व स्वास्थ्य संगठन** (WHO) द्वारा चिन्हित आठ आधिकारिक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों में से एक है।

14. दुनिया भर में **विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस** हर वर्ष **15 जून को** मनाया जाता है।
    **नोट:** यह वर्ष में उस दिन को दर्शाता है जब पूरी दुनिया हमारे बुजुर्ग लोगों के प्रति दुर्व्यवहार और उन्हें पीड़ा



SSC 2019 प्लस पैक फ्री मॉक लें

पहुंचाने का विरोध करती है। बुज़ुर्गों के प्रति दुर्व्यवहार एक वैश्विक सामाजिक मुद्दा है, जो दुनिया भर के लाखों वृद्धजनों के स्वास्थ्य और मानवाधिकारों को प्रभावित करता है।लगभग हर 6 में से 1 बुजुर्ग किसी न किसी रूप में दुर्व्यवहार का सामना करता है, यह आंकड़ा पहले के अनुमान से अधिक है और दुनिया भर में आबादी को देखते हुए वृद्धि की भविष्यवाणी करता है।

15. **परिवार को विप्रेषित धन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस** (IDFR) हर वर्ष **16 जून को** मनाया जाता है।
    **नोट**: यह दिवस 200 मिलियन से अधिक प्रवासियों द्वारा अपने 800 मिलियन पारिवारिक सदस्यों के जीवन को बेहतर बनाने और अपने बच्चों के लिए आशावान भविष्य के निर्माण हेतु किए गए योगदान की आधिकारिक रूप से प्रशंसा करता है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र महासभा (A/RES/72/281) द्वारा अंगीकृत एक वैश्विक दिवस है।
16. फादर्स डे हर वर्ष **जून के तीसरे रविवार को** मनाया जाता है।
    **नोट**: पितृत्व के सफर और परिवार की संरचना एवं समाज में पिता की भूमिका को सम्मानित करने के लिए हर वर्ष जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाया जाता है। यह परिवार के सदस्यों को सम्मानित करने के दिवसों जैसे कि मदर्स डे, सिबलिंग्स डे और गैंडपैरेन्ट्स डे के पूरक है।
17. **मरुस्थलीकरण और सूखे से संघर्ष का वैश्विक दिवस** हर वर्ष **17 जून को** मनाया जाता है।
    **नोट**: वर्ष 2019 का मरुस्थलीकरण से संघर्ष का विश्व दिवस संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण संघर्ष सम्मेलन (UNCCD) की 25वीं वर्षगांठ है। मरुस्थलीकरण और सूखे से संघर्ष का विश्व दिवस 2019 का विषय 'आइए साथ मिलकर भविष्य का विकास करें' (Let's Grow the Future Together) है।
18. विश्व सिकल सेल दिवस हर वर्ष **19 जून को** मनाया जाता है।
    **नोट**: यह प्रत्येक वर्ष लाल रुधिर कोशिका संबंधी रोग और इसके उपचार के तरीकों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। सिकल सेल रोग एनीमिया का एक वंशानुगत रूप है जिसमें लाल रुधिर कोशिकाएं पूरे शरीर में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंचा पाती हैं।सरकार ने इस बीमारी से पीड़ित लोगों के उचित इलाज और देखभाल के लिए कई अभियान चलाए हैं।
19. विश्व शरणार्थी दिवस हर वर्ष **20 जून को** मनाया जाता है।
    **नोट**: **विश्व शरणार्थी दिवस** शरणार्थियों के जीवन में आने वाली परिस्थितियों और समस्याओं के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। विश्व शरणार्थी दिवस 2019 का विषय 'Step with Refugees — Take A Step on World Refugee Day' है। हर वर्ष लाखों लोग युद्ध, उत्पीड़न या प्राकृतिक आपदा से बचने हेतु अपना घर छोड़कर जाने को मजबूर हो जाते हैं।
20. पांचवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस **21 जून को** मनाया गया।
    **नोट**: प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में रांची से योग दिवस का नेतृत्व किया। 'योग' शब्द संस्कृत से लिया गया है और जिसका अर्थ संगठित होना या संयुक्त होना है, जो शरीर और चेतना के संयोजन का प्रतीक है। इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय 'Climate Action' है और इसे 20 जून को संयुक्त राष्ट्र में 'Yoga with Gurus' के रूप में मनाया गया, जिसके बाद 21 जून को एक पैनल चर्चा हुई।
21. विश्व संगीत दिवस हर वर्ष **21 जून को** मनाया जाता है।
    **नोट**: संगीत दिवस पर, किसी शहर या देश के नागरिकों को उनके पड़ोस या सार्वजनिक स्थानों पर संगीत बजाने की अनुमति दी जाती है या प्रेरित किया जाता है। विश्व संगीत दिवस की उत्पत्ति फ्रांस में हुई, लेकिन इसे शीघ्र ही भारत सहित दुनिया भर के 120 से अधिक देशों ने अपना लिया।फ्रांस में इसे 'Fête de la Musique' कहा



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

जाता है जिसका अर्थ 'संगीत का पर्व' है इसे शौकिया और पेशेवर दोनों तरह के संगीतकारों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। पहला विश्व संगीत दिवस 21 जून, 1982 को मनाया गया था।

**22.** विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस (WHD) हर वर्ष **21 जून को** मनाया जाता है।

**नोट:** इस वर्ष का विषय - 'Hydrographic information driving marine knowledge' है।इसे इंटरनेशनल हाइड्रोग्राफिक ऑर्गेनाइजेशन ने हाइड्रोग्राफर्स के कार्यों और हाइड्रोग्राफी के महत्व का प्रचार करने के लिए एक वार्षिकोत्सव के रूप में अपनाया था।

**23.** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस (IOD) हर वर्ष **23 जून को** मनाया जाता है।

**नोट:** यह दिवस आयु, लिंग या एथलेटिक क्षमता की परवाह किए बिना दुनिया भर में खेल सह-भागिता को बढ़ावा देता है। ओलंपिक दिवस के **तीन स्तंभ 'आगे बढ़ो' (move), 'सीखो' (learn) और 'खोजो' (discover)** हैं।
**आगे बढ़ो (move):** सभी आयु और क्षमताओं के लोगों के लिए सभी प्रकार की शारीरिक गतिविधि को दर्शाता है। **सीखो (learn):** ओलंपिक दिवस आपके समुदाय को प्रभावित करने वाले वैश्विक सामाजिक मुद्दों की दिशा में खेल के योगदान को समझने का शानदार अवसर है।
**खोजो (discover):** लोगों को उन नए खेल एवं गतिविधियों का प्रयास करने के लिए आमंत्रित करने और प्रोत्साहित करने से संबंधित है जो उन्होंने पहले कभी नहीं किया है। ओलंपिक दिवस का आरंभ पेरिस के सोरबोन में 23 जून, 1894 को आधुनिक ओलंपिक खेलों के जन्म के उपलक्ष्य में वर्ष 1948 में हुआ था।

**24.** अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस (IWD) हर वर्ष **23 जून को** मनाया जाता है।

**नोट:** यह दिवस विधवाओं के मुद्दे के बारे में जागरूकता फैलाता है। यह दिवस कई देशों की लाखों विधवा स्त्रियों और उनके आश्रितों के सम्मुख उत्पन्न होने वाली गरीबी और अन्याय को संबोधित करता है।अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस की स्थापना लूम्बा फाउंडेशन द्वारा की गई थी।

**25.** संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस हर वर्ष **23 जून को** मनाया जाता है।

**नोट:** यह दिवस लोक सेवकों के कार्यों को पहचानने और युवाओं को सार्वजनिक क्षेत्र में करियर बनाने का लक्ष्य निर्धारित करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है।यह दिवस सभी के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने में लोक सेवकों और प्रशासकों के अमूल्य योगदान को व्यक्त करता है।

**26.** अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) द्वारा **अंतर्राष्ट्रीय नाविक दिवस** (Day of the Seafarer (DotS)) **25 जून को** मनाया जाता है।

**नोट:** वर्ष 2019 के अंतर्राष्ट्रीय नाविक दिवस का विषय 'Get on board with gender equality' है। यह विषय सतत विकास लक्ष्यों (मुख्य रूप से SDG 5) की उपलब्धि का समर्थन करता है। यह दिवस दुनिया भर के समुद्री व्यापारों और नागरिक संस्थाओं में समुद्री नाविकों द्वारा किए गए अद्वितीय योगदान को पहचानने के उद्देश्य से घोषित किया गया था।

**27.** संयुक्त राष्ट्र (UN) का **अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस** हर वर्ष **26 जून को** मनाया जाता है।

**नोट:** यह दिवस समाज में व्याप्त अवैध नशीली दवाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली बड़ी समस्याओं के बारे में जागरूकता फैलाता है। इस वर्ष का विषय 'स्वास्थ्य के लिए न्याय, स्वास्थ्य के लिए न्याय' (Health for Justice, Justice for Health) है, जो इस बात पर प्रकाश डालता है कि जब दवा की समस्याओं की बात हो, तो न्याय और स्वास्थ्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। यह विज्ञान पर आधारित नशीली दवा के उपयोग की रोकथाम के लिए समर्थन करने की एक पहल है और यह इस प्रकार बच्चों और युवाओं, उनके परिवारों और उनके समुदायों के कल्याण में एक प्रभावी निवेश है।



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

**28.** संयुक्त राष्ट्र **सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) दिवस** हर वर्ष **27 जून को** मनाया जाता है।

**नोट:** यह दिवस सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने और नवाचार, रचनात्मकता और सतत कार्यों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। भारत सरकार ने MSME पारिस्थितिकी तंत्र के विभिन्न हितधारकों के बीच वार्ता और साझेदारी को प्रोत्साहित करने के लिए एक राष्ट्रीय सम्मेलन (उद्यम संगम) भी आयोजित किया है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र, संयुक्त राष्ट्र अपनी प्रमुख रिपोर्ट "The SME Competitiveness Outlook 2019: Big money for small businesses" लॉन्च करेगा।

**29.** 'राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस' भारत में हर वर्ष **29 जून को** मनाया जाता है।

**नोट:** यह दिवस सामाजिक-आर्थिक नियोजन और नीति संरूपण में सांख्यिकी के महत्व के बारे में सार्वजनिक जागरूकता फैलाता है। सांख्यिकी दिवस, 2019 का विषय "सतत विकास लक्ष्य (SDG)" है।विषय का चयन डेटा अंतराल को भरने और SDG में घटनाक्रम/गुणवत्ता में सुधार की दिशा में गहन और केंद्रित परिचर्चा के लिए किया गया है।

**30.** विश्व सोशल मीडिया दिवस हर वर्ष **30 जून को** मनाया जाता है।

**नोट:** यह दिवस हमारे समाज में सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने और यह हमसे किस प्रकार संबंधित है, इस उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिवस की स्थापना वर्ष 2010 में मैशेबल (Mashable) द्वारा की गई थी। फ्रेंडस्टर (वर्ष 2002 में) और माइस्पेस (वर्ष 2003 में) के लॉन्च होने के साथ, सोशल मीडिया मुख्यधारा बन गया। फिर वर्ष 2004 में सोशल मीडिया के राजा फेसबुक की स्थापना हुई।

**31.** संयुक्त राष्ट्र का अंतर्राष्ट्रीय संसद-कार्य दिवस **30 जून को** मनाया जाता है।

**नोट:** संसद और सरकार की संसदीय प्रणाली दुनिया भर के लोगों के दिन-प्रतिदिन के जीवन में कैसे सुधार लाती है, इसके उपलक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र का **अंतर्राष्ट्रीय संसद-कार्य दिवस** 30 जून को आयोजित किया जाता है। यह दिवस संसदों को लोकतंत्र की आधारशिला और उसका प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए तैयार किए गए संस्थान के रूप में मनाता है। वर्ष 2019 का दिवस आयोजन का दूसरा संस्करण है।

**32.** संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस **30 जून को** मनाया जाता है।

**नोट:** क्षुद्रग्रह दिवस का उद्देश्य क्षुद्रग्रहों के बारे में जागरूकता फैलाना और पृथ्वी, उसके परिवार, समुदायों तथा आने वाली पीढ़ियों को किसी भयावह घटना से बचाना है। यह दिवस **साइबेरियन तुंगुस्का घटना** की वर्षगांठ है जो 30 जून, 1908 को हुई थी। क्षुद्रग्रह दिवस को फिल्म निर्माता ग्रिगोरिज रिचर्टस, B612 फाउंडेशन के COO दानिका रेमी, अपोलो 9 के अंतरिक्ष यात्री रस्टी श्वेइकार्ट और क्वीन गिटारवादक तथा खगोलविद ब्रायन मे द्वारा स्थापित किया गया था।

## नई नियुक्तियां

**1.** संसाधन प्रबंधन, स्थिरता और भागीदारी के लिए **संयुक्त राष्ट्र की लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण संस्था** (संयुक्त राष्ट्र-महिला) का **उप-कार्यकारी निदेशक अनीता भाटिया को** नियुक्त किया गया।

**नोट:** उन्हें संयुक्त राष्ट्र के **महासचिव एंटोनियो गुटेरेस** द्वारा वैश्विक निकाय एजेंसी में नियुक्त किया गया जो महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता पर केंद्रित है। अनीता भाटिया का विश्व बैंक समूह में प्रतिष्ठित



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

कैरियर था, जो मुख्यालय और क्षेत्र दोनों में विभिन्न शीर्ष संचालन और प्रबंधन पदों पर कार्यरत थीं।

2. एडमिरल करमबीर सिंह **नौसेना प्रमुख का** पदभार संभाला।
   **नोट**: उन्होंने एडमिरल सुनील लांबा की जगह ली, जो भारतीय नौसेना में चार दशक की सेवा के बाद 31 मई, 2019 को सेवानिवृत्त हुए थे। श्री करमबीर सिंह ने पिछले वर्ष पूर्वी नौसेना प्रमुख के रूप में विशाखापत्तनम जाने से पहले नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में नौसेना उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया।
3. मध्य अमेरिकी देश **एल सैल्वाडोर के राष्ट्रपति** पद की शपथ **नायीब बुकेले ने** ग्रहण की।
   **नोट**: श्री बुकेले को सैन सैल्वाडोर शहर के मध्य में स्थित नेशनल असेंबली के स्पीकर द्वारा शपथ दिलाई गई। इस समारोह में 83 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए।
4. इसरो के पूर्व प्रमुख **डॉ. कस्तूरीरंगन** के नेतृत्व वाली समिति ने **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) का मसौदा मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने** सौंपा।
   **नोट**: नीति का मसौदा पाठ्यक्रम में **भारतीय ज्ञान प्रणालियों** को शामिल करने, एक राष्ट्रीय शिक्षा आयोग के गठन और निजी स्कूलों के मनमानी फीस वृद्धि पर अंकुश लगाने की सिफारिश की गई है। **विशेषज्ञ समिति** ने बड़े बहुविषयक विश्वविद्यालयों या कॉलेजों में शिक्षक तैयारी एवं शिक्षा कार्यक्रम चलाकर अध्यापक शिक्षा में व्यापक परिवर्तन का प्रस्ताव रखा। मौजूदा NEP वर्ष 1986 में तैयार की गई थी और वर्ष 1992 में संशोधित की गई थी।
5. मंत्रिमंडल में पद के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) पुन: **अजीत डोवाल को** नियुक्त किया गया।
   **नोट**: प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** ने सेवानिवृत्त IPS **अजीत डोवाल** (74 वर्षीय) को अगले पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए पुन: 5वां राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) नियुक्त किया है। **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार** (NSA) भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC) का वरिष्ठ अधिकारी और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा नीति पर भारत के प्रधान मंत्री का मुख्य सलाहकार होता है।
6. पुडुचेरी विधानसभा के उप सभापति **शिवकोझुन्थु** को सर्वसम्मति से पुडुचेरी विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया।
   **नोट**: कांग्रेस सदस्य एम.एन.आर. बालन (औलग्रेट निर्वाचन क्षेत्र) को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।अध्यक्ष के चुनाव की आवश्यकता थी क्योंकि अध्यक्ष वी. वीथीलिंगम ने पद से इस्तीफा दे दिया था और 18 अप्रैल को लोकसभा चुनाव लड़कर उसमें जीत हासिल की थी।
7. गोवा में भाजपा के विधायक **राजेश पटनेकर को** गोवा विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया।
   **नोट**: श्री पटनेकर ने विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस नेता प्रतापसिंह राणे को मिले 16 वोटों के सामने 22 वोट हासिल किए। श्री पटनेकर गोवा की बिचोलिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर के निधन के बाद इस वर्ष मार्च में प्रमोद सावंत के गोवा का मुख्यमंत्री बनने पर अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था।
8. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक **राजीव महर्षि को** चार वर्ष की अवधि के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) का **बाह्य लेखा परीक्षक** चुना गया।
   **नोट**: महर्षि को जिनेवा में मई 2019 में आयोजित 72वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में चुना गया था। मार्च 2019 में, उन्हें रोम में खाद्य एवं कृषि संगठन के बाह्य लेखा परीक्षक के पद के लिए चुना गया था। महर्षि वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र के लेखा परीक्षक बोर्ड और संयुक्त राष्ट्र बाह्य लेखा परीक्षक पैनल के उपाध्यक्ष भी हैं।
9. **जनरल इंश्योरेंस काउंसिल** (GIC) का नया महासचिव **श्री एम.एन. शर्मा को** चुना गया।



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

**नोट:** वह अगस्त 2019 में पदभार ग्रहण करेंगे। श्री शर्मा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (MD) हैं।

10. प्रख्यात वैज्ञानिक और **चक्रवात चेतावनी** के विशेषज्ञ जिन्हें पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए **भारतीय मौसम विज्ञान विभाग** (IMD) का प्रमुख नियुक्त किया गया -- **मृत्युंजय महापात्रा।**

    **नोट:** IMD देश में मौसम और जलवायु संबंधी पूर्वानुमान के लिए उत्तरदायी है। IMD के लिए चक्रवात, धूल भरी आंधी, भारी वर्षा और बर्फ, ठंड और लू जैसी गंभीर मौसम संबंधी घटनाओं के बारे में लोगों को चेतावनी जारी करना भी अनिवार्य है। **भारतीय मौसम विज्ञान विभाग** (IMD) भारत सरकार के **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** की एक एजेंसी है, जिसका मुख्यालय दिल्ली में है।

11. प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** ने **नीति आयोग के** पुनर्गठन को मंजूरी दी।

    **नोट:** प्रधानमंत्री मोदी आयोग के अध्यक्ष होंगे और राजीव कुमार उपाध्यक्ष होंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, वी.के. सारस्वत (पूर्व DRDO प्रमुख), रमेश चंद (कृषि विशेषज्ञ) और डॉ. वी.के. पॉल (सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ) नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य होंगे। **नीति आयोग** की स्थापना (वर्ष 2015 में) उर्ध्वगामी दृष्टिकोण का उपयोग करके आर्थिक नीति-निर्माण प्रक्रिया में भारत की राज्य सरकारों की भागीदारी को बढ़ावा देकर दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने और सहकारी संघवाद को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी।

12. तीन वर्ष की अवधि के लिए एक्सिस बैंक का अध्यक्ष **राकेश मखीजा को** नियुक्त किया गया।

    **नोट:** उन्होंने SKF ग्रुप में कई शीर्ष प्रबंधन पदों पर कार्य किया है। बैंक बोर्ड ने मार्च में RBI की मंजूरी के तहत मखीजा की नियुक्ति को मंजूरी दी थी।

13. संयुक्त राष्ट्र में नाइजीरिया के राजदूत जिन्हें **संयुक्त राष्ट्र महासभा** (UNGA) के 74वें सत्र का अध्यक्ष **तिजानी मुहम्मद-बंदे को** चुना गया।

    **नोट:** उन्होंने इक्वाडोर की मारिया फर्नांडा एस्पिनोसा की जगह ली, जिनका कार्यकाल सितंबर, 2019 में समाप्त हो रहा है। तिजानी मुहम्मद-बंदे को चुनाव के समय नाइजीरिया द्वारा नामित किया गया था और अफ्रीकी समूह द्वारा समर्थन दिया गया था। नियमों के अनुसार, महासभा (193-सदस्यीय) के 74वें सत्र के अध्यक्ष को अफ्रीकी राष्ट्रों से चुना जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) संयुक्त राष्ट्र (UN) के छह प्रमुख अंगों में से एक है।

14. न्यायमूर्ति धीरूभाई नारनभाई पटेल (59 वर्षीय) को **दिल्ली उच्च न्यायालय** के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई गई।

    **नोट:** उपराज्यपाल **अनिल बैजल** ने राज निवास में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति पटेल को पद की शपथ दिलाई। इससे पहले, न्यायमूर्ति पटेल झारखंड उच्च न्यायालय (24 मई 2019 से 6 जून, 2019 तक) में तैनात थे।दिल्ली उच्च न्यायालय की स्थापना 31 अक्टूबर, 1966 को हुई थी।

15. IT उद्योग के आइकन जो 30 जुलाई को विप्रो के कार्यकारी अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त होंगे -- **अजीम प्रेमजी।**

    **नोट:** वह गैर-कार्यकारी निदेशक और संस्थापक अध्यक्ष के रूप में बोर्ड में अपनी सेवाएं देते रहेंगे। अजीम प्रेमजी के पुत्र रिशद प्रेमजी (मुख्य रणनीति अधिकारी और बोर्ड के सदस्य) कंपनी के कार्यकारी अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालेंगे। कंपनी को 29 दिसंबर, 1945 को महाराष्ट्र के अमलनेर में मोहम्मद प्रेमजी द्वारा "वेस्टर्न इंडिया वेजिटेबल प्रोडक्ट्स लिमिटेड" (अब, विप्रो) के नाम से निगमित किया गया था।

16. थाईलैंड की नई संसद ने सैन्य सरकार के प्रमुख को देश का प्रधानमंत्री चुना -- **प्रयुत चान-ओचा।**



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

**नोट:** प्रयुत ने फ्यूचर फॉरवर्ड पार्टी के थानाथोर्न जुआनग्रोंगुरुंगकिट के 244 मत के मुकाबले 500 मत प्राप्त किए। प्रयुत रॉयल थाई सेना के पूर्व प्रमुख हैं (अक्टूबर 2010 से अक्टूबर, 2014 तक)। प्रयुथ की नियुक्ति तब आधिकारिक हो गई जब उन्हें राजा महा वजीरालोंगकोर्न द्वारा समर्थन दिया गया। थाईलैंड का प्रधान मंत्री थाईलैंड की सरकार का प्रमुख होता है।

**17.** 17वीं लोकसभा का **प्रोटेम स्पीकर डॉ. वीरेंद्र कुमार को** किसे नियुक्त किया गया।
**नोट:** सात बार के सांसद **वीरेंद्र कुमार** (65 वर्षीय) 17वीं लोकसभा के **प्रोटेम स्पीकर** (अस्थायी अध्यक्ष) होंगे। भारतीय जनता पार्टी के वीरेंद्र कुमार को 17 जून 2019 को राष्ट्रपति भवन में पद की शपथ दिलाई जाएगी। प्रोटेम स्पीकर एक अस्थाई अध्यक्ष होता है जिसे लोकसभा या राज्य विधानसभाओं में सीमित अवधि के कार्य हेतु नियुक्त किया जाता है।

**18.** जम्मू-कश्मीर बैंक का अंतरिम अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक **आर.के. चिब्बर को** किन्हें नियुक्त किया गया।
**नोट:** जम्मू-कश्मीर सरकार ने जम्मू-कश्मीर बैंक के अध्यक्ष परवेज अहमद को पद से हटा दिया। 5 मार्च, 2019 तक, बैंक के पास देश भर में 935 कम्प्यूटरीकृत बैंक शाखाओं, 1287 ATM और 25 नकदी जमा मशीनों (CDM) का नेटवर्क है।

**19.** झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में **प्रशांत कुमार को** किन्हें नियुक्त किया गया।
**नोट:** इससे पहले, झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश धीरूभाई नारेनभाई पटेल को दिल्ली उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। झारखंड राज्य के बिहार राज्य से अलग होने के बाद, बिहार पुनर्गठन अधिनियम, 2000 के तहत वर्ष 2000 (15 नवंबर) में झारखंड उच्च न्यायालय की स्थापना की गई थी।

**20.** **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम** (UNDP) और सहयोगियों ने **10वें इक्वेटर प्राइज़** के विजेताओं की घोषणा की।
**नोट:** विजेता संगठन जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण और गरीबी की चुनौतियों से निपटने के लिए उन्नतिशील, प्रकृति आधारित समाधान प्रदर्शित करते हैं। प्रत्येक इक्वेटर प्राइज़ विजेता को 10,000 अमेरिकी डॉलर प्रदान किए जाएंगे और दो समुदाय के प्रतिनिधियों को 74वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान न्यूयॉर्क में आयोजित होने वाले एक सप्ताह लंबे शिखर सम्मेलन में शामिल होने का अवसर मिलेगा।डेक्केन डेवलपमेंट सोसाइटी, तेलंगाना की महिला समूह ने भी पुरस्कार प्राप्त किया है।

**21.** बीजेपी नेता **थावरचंद गहलोत** को राज्यसभा के नेता के रूप में नियुक्त किया गया।
**नोट:** वह भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण जेटली की जगह लेंगे, जिन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए सरकार से बाहर रहने का फैसला किया था। श्री गहलोत मध्य प्रदेश से राज्यसभा सदस्य हैं। सदन का नेता एक राज्य सभा सदस्य होता है जो या तो कैबिनेट मंत्री या मनोनीत मंत्री होता है। नेता की सीट प्रथम पंक्ति में राज्य सभा के सभापति के बगल में होती है।

**22.** चीन ने भारत में अपने नए राजदूत **सन वेइदॉन्ग** को नियुक्त किया।
**नोट:** वह लुओ झाओहुई की जगह लेंगे, जिन्हें उप विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। वर्तमान में, सन वेइदॉन्ग विदेश मंत्रालय के नीति एवं योजना विकास विभाग के महानिदेशक हैं।

**23.** राजधानी नूर-सुल्तान में पैलेस ऑफ इंडिपेंडेंस में आयोजित एक समारोह के दौरान **कजाखिस्तान के नए राष्ट्रपति** पद की शपथ **कश्यम-जोमार्ट तोकायेव ने** ली।
**नोट:** वह मार्च, 2019 में नूरसुल्तान नज़रबायेव (78 वर्षीय) के अप्रत्याशित इस्तीफे के बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति बने थे। यह परिवर्तन कजाखिस्तान में बढ़ते असंतोष के बीच हुआ। कजाखिस्तान गणराज्य का राष्ट्रपति राष्ट्र का प्रमुख, कमांडर-इन-चीफ और कजाखिस्तान गणराज्य का सर्वोच्च पद धारक है।



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

24. **रेकिट बैंकिज़र** (ब्रिटिश उपभोक्ता वस्तुओं की कंपनी) ने अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) **लक्ष्मण नरसिम्हन को** नियुक्त किया।
**नोट:** नरसिम्हन पेप्सिको के वैश्विक मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। वह कंपनी में CEO के रूप में शामिल होंगे और 16 जुलाई को बोर्ड में नियुक्त किए जाएंगे।
25. भ्रष्टाचार विरोधी अभियान चलाने वाली **स्लोवाकिया की पहली महिला राष्ट्रपति -- ज़ुज़ाना कैपुटोवा।**
**नोट:** कैपुटोवा ने Smer-SD के उम्मीदवार मारोस सेफ्कोविक के खिलाफ जीत हासिल की। प्रोग्रेशिव स्लोवाकिया/टूगेदर पार्टी से उनके सहयोगी वर्ष 2020 के आम चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी को सत्ता से हटाने में अपनी क्षमता का उपयोग करने की उम्मीद रखते हैं।स्लोवाकिया गणराज्य का राष्ट्रपति स्लोवाकिया का राष्ट्र प्रमुख और सशस्त्र बलों का प्रधान सेनापति होता है।
26. ब्राजील के प्रभावशाली राष्ट्रीय विकास बैंक के प्रमुख **जोआकिम लेवी ने** भड़कते राजनीतिक संकट को देखते हुए पद से इस्तीफा दे दिया।
**नोट:** श्री लेवी का आकस्मिक इस्तीफा सरकार के छह महीने से भी कम समय के कार्यकाल में उस सप्ताह के बाद आया जिसमें बोल्सनारो ने अपने तीसरे मंत्री को पद से बर्खास्त कर दिया था। BNDES दुनिया के सबसे बड़े विकास बैंकों (चीन विकास बैंक के बाद, जो लगभग 7.52 ट्रिलियन रेन्मिन्बी या लगभग 1.2 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति का संचालन करता है) में से एक है। BNDES में तीन अभिन्न सहायक कंपनी हैं: FINAME, BNDESPAR और BNDES लिमिटेड हैं। तीन कंपनियां साथ मिलकर BNDES सिस्टम बनाती हैं।
27. सर्वसम्मति से 17वीं लोकसभा का अध्यक्ष **ओम बिड़ला को** चुना गया।
**नोट: भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के नेता **ओम बिड़ला** को सर्वसम्मति से **17वीं लोकसभा का अध्यक्ष** चुना गया।उन्हें **प्रो-टेम स्पीकर वीरेंद्र कुमार** ने निर्वाचित किया और अध्यक्ष घोषित किया। ओम बिड़ला ने सुमित्रा महाजन की जगह ली।
28. तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में **न्यायमूर्ति राघवेन्द्र सिंह चौहान** ने शपथ ली।
**नोट: राज्यपाल ई.एस.एल. नरसिम्हन** ने राजभवन में न्यायमूर्ति चौहान को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति चौहान पिछले वर्ष आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के विभाजन के बाद तेलंगाना उच्च न्यायालय के दूसरे मुख्य न्यायाधीश हैं।
29. **मोहम्मद ओल्द गज़ोउनी रीतानिया** के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए।
**नोट: मोहम्मद ओल्द गज़ोउनी** (62 वर्षीय) ने पूर्ण बहुमत (52% - वोट) के साथ **मौरीतानिया के राष्ट्रपति** पद के चुनाव में जीत हासिल की है। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी, दासता विरोधी अभियान चलाने वाले बीरम दाह आबेद, 18.58% के साथ दूसरे स्थान पर रहे। यह पहली बार है जब मौरीतानिया के नागरिकों ने पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्र में एक लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति के उत्तराधिकारी के चुनाव ने मतदान किया था।
30. **भारतीय तटरक्षक बल** (ICG) का अगला **महानिदेशक** (DG) **के. नटराजन को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** वर्तमान में, नटराजन भारतीय तटरक्षक बल में पश्चिमी समुद्र तटीय बोर्ड के अतिरिक्त महानिदेशक हैं, जो गुजरात से केरल तक संवेदनशील समुद्री सीमा की सुरक्षा का काम देखता है। श्री नटराजन ने मद्रास विश्वविद्यालय से रक्षा एवं युद्धनीति अध्ययन में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है। भारतीय तटरक्षक बल का महानिदेशक (DG ICG) भारतीय तटरक्षक बल का प्रमुख होता है।
31. वार्नर ब्रॉस की पहली महिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) **ऐन सरनॉफ है।**



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

**नोट:** ऐन सरनॉफ (BBC की पूर्व कार्यकारी अधिकारी) वार्नर ब्रॉस की पहली महिला CEO हैं। सरनॉफ, केविन सुज्हारा की गह लेंगी, जिन्हें यौन दुर्व्यवहार के आरोपों के चलते इस वर्ष के आरंभ में बाहर कर दिया गया था। वार्नर ब्रॉस एक अमेरिकी मनोरंजन कंपनी ( वर्ष 1923 में स्थापित) है जिसका मुख्यालय कैलिफोर्निया के बरबैंक में है और यह AT&T वार्नर मीडिया की सहायक कंपनी है।

32. संयुक्त राष्ट्र की संस्था **अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन** (ICAO) की परिषद में **भारत की प्रतिनिधि -- शेफाली जुनेजा।**

**नोट:** वह वरिष्ठ IAS अधिकारी आलोक शेखर की जगह लेगीं। वर्तमान में, शेफाली जुनेजा नागरिक उड्डयन मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं। **अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन** (ICAO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है। इसका मुख्यालय कनाडा के क्यूबेक प्रांत स्थित मॉन्ट्रियल शहर के क्वार्टियर इंटरनेशनल में है।

33. **अमिताभ कांत** को **नीति आयोग** के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में **दो वर्ष का सेवा विस्तार** दिया गया।

**नोट:** श्री कांत **'मेक इन इंडिया', स्टार्टअप इंडिया और 'अतुल्य भारत'** पहलों के मुख्य संचालक रहे हैं। कांत ने अपनी स्कूल की पढ़ाई मॉडर्न स्कूल, दिल्ली से की, अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक सेंट स्टीफेंस, दिल्ली विश्वविद्यालय से किया और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU) से स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। नीति आयोग वर्ष 2015 में स्थापित भारत सरकार का नीति विचार मंच है, जिसका उद्देश्य पूर्ण विनियोग नीति (बॉटम-अप अप्रोच) का उपयोग करके आर्थिक नीति-निर्माण प्रक्रिया में भारत की राज्य सरकारों की भागीदारी को बढ़ाकर सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करना और सहकारी संघवाद को बढ़ाना है। प्रधान मंत्री इसका पदेन अध्यक्ष होता है।

34. **श्री पी.बी. आचार्य** ने **इंफाल, मणिपुर** में स्थित राजभवन में **मणिपुर के राज्यपाल** के रूप में शपथ ग्रहण की।

**नोट:** नागालैंड के राज्यपाल आचार्य ने मणिपुर का अतिरिक्त प्रभार संभाला। मणिपुर उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश लानुशुंगकुम जमीर ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। नागालैंड के राज्यपाल पी.बी. आचार्य डॉ. नजमा हेपतुल्ला (मणिपुर की राज्यपाल) के अवकाश पर रहने के चलते अनुपस्थिति के दौरान आज से मणिपुर का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। डॉ. नजमा हेपतुल्ला एक महीने के लिए अवकाश पर रहेंगी।

35. **न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार सैकिया** (सेवानिवृत्त) ने **अरुणाचल प्रदेश** के **लोकायुक्त अध्यक्ष** पद की शपथ ली।

**नोट:** राज्यपाल ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) **डॉ. बी.डी. मिश्रा** ने ईटानगर के राजभवन में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति सैकिया को पद की शपथ दिलाई। सेवानिवृत्त IAS अधिकारी श्री येशी सेरिंग को लोकायुक्त सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई।

36. IPS अधिकारी जिन्हें **रिसर्च एंड एनालिसिस विंग** (R&AW) का नया प्रमुख **सामंत गोयल को** नियुक्त किया गया।

**नोट:** सामंत गोयल अनिल धस्माना की जगह लेंगे। श्री गोयल ने फरवरी, 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक और 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक की योजना बनाने में मुख्य भूमिका निभाई थी। रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (R&AW) भारत की विदेशी खुफिया एजेंसी है, जिसे वर्ष 1968 में भारत-चीन युद्ध से संबंधित खुफिया जानकारियों की विफलताओं के बाद स्थापित किया गया था। एजेंसी का प्राथमिक कार्य विदेशी खुफिया जानकारी जुटाना, आतंकवाद से मुकाबला करना, प्रसरण विरोध को बढ़ावा देना, भारत के नीति निर्माताओं को सलाह देना और भारत के विदेशी कूटनीतिक हितों को आगे बढ़ाना है।



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

37. इंटेलिजेंस ब्यूरो के नए निदेशक (27वें) **अरविंद कुमार है।**

**नोट:** वरिष्ठ IPS अधिकारी **अरविंद कुमार** (1984 बैच-असम-मेघालय कैडर) राजीव जैन की जगह लेंगे। इससे पहले अरविंद कुमार वामपंथी उग्रवाद से निपटने हेतु IB में शामिल थे। इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) भारत की आंतरिक खुफिया एजेंसी है। वर्ष 1947 में गृह मंत्रालय के तहत इसका नाम परिवर्तित करके **सेंट्रल इंटेलीजेंस ब्यूरो** किया गया था।

38. **संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन** (FAO) का नया **महानिदेशक क्यू डोंग्यू को** चुना गया।

**नोट:** क्यू आधिकारिक तौर पर 1 अगस्त, 2019 से नए FAO प्रमुख का पदभार संभालेंगे। वह FAO महानिदेशक के रूप में चुने जाने वाले पहले चीनी नागरिक हैं। **संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन** (FAO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो भूख को पराजित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों की अगुआई करती है।FAO एक तटस्थ मंच के रूप में कार्य करता है जहां सभी राष्ट्र तर्क एवं विवाद नीति पर बातचीत करने के लिए समान रूप से बैठक करते हैं।

## खेल समाचार

1. FIH सीरीज फाइनल के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम का नेतृत्व **रानी रामपाल** कौन करेंगी।

**नोट: हॉकी इंडिया** ने अगले महीने की 15 तारीख को जापान के हिरोशिमा में शुरू होने वाली **FIH महिला सीरीज** के फाइनल के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन किया। रानी रामपाल टीम की कप्तानी करेंगी और अनुभवी गोलकीपर सविता उप-कप्तान की जिम्मेदारी निभाएंगी।

2. **2020 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट** (सितंबर 2020) के **15वें संस्करण** की मेजबानी **पाकिस्तान** करेगा।

**नोट:** मैच प्रत्येक चौथे वर्ष होने वाली प्रतियोगिता ट्वेंटी 20 इंटरनेशनल (T20I) के रूप में खेले जाएंगे। ACC ने वर्ष 2022 में चीन के हांगझोऊ में होने वाले एशियाई खेलों में क्रिकेट को शामिल करने के अपने रुख की भी पुष्टि की।

3. **लिवरपूल** ने मैड्रिड में टॉटेनहम को हराकर अब तक **छह** बार **चैंपियंस लीग फुटबॉल** का खिताब जीता है।

**नोट: ऑल-इंग्लिश** लीग मुकाबले में, लिवरपूल (लाल जर्सी) ने स्पर्स से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 2-0 से जीत दर्ज की। मोहम्मद सलाह ने लिवरपूल को केवल दो मिनट के बाद बढ़त दिला दी जब उन्होंने मौसा सिसोको के हैंडबॉल के बाद एक पेनल्टी को गोल में बदल दिया। यूरोपियन कप UEFA द्वारा हर वर्ष UEFA चैंपियंस लीग जीतने वाले फुटबॉल क्लब को प्रदान की जाने वाली ट्रॉफी है।

4. बाईचुंग भूटिया के 107 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के रिकॉर्ड को पार करके **सर्वाधिक मैच खेलने वाले भारतीय खिलाड़ी सुनील छेत्री** बने।

**नोट:** थाईलैंड के बुरिरैम में आयोजित किंग्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने विशेष मैच में, उन्होंने 31वें मिनट में अपनी टीम के लिए स्पॉट किक से एकमात्र गोल करते हुए अपना 69वां गोल किया।82वें स्थान पर काबिज कैरेबियाई द्वीप समूह के दो खिलाड़ी इंग्लिश प्रीमियर लीग और कुछ अन्य यूरोपीय लीग से खेलते हैं। सुनील छेत्री एक भारतीय पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी हैं, जो स्ट्राइकर या विंगर के रूप में खेलते हैं और इंडियन सुपर लीग में बेंगलुरू एफ.सी और भारतीय राष्ट्रीय टीम दोनों के कप्तान हैं।

5. 2023 एशियाई कप की मेजबानी **चीन** करेगा।

**नोट:** दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया द्वारा अपना नाम वापस लेने के बाद **चीन 2023 एशियाई कप (फुटबॉल) की मेजबानी** करेगा। चीन प्रत्येक चार वर्ष में होने वाले महाद्वीपीय टूर्नामेंट की दूसरी बार मेजबानी करेगा। वर्ष 2004 के संस्करण में, चीन जापान के



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

खिलाफ उपविजेता बना था।UAE में आयोजित इस वर्ष के एशियाई कप का पहली बार 24 देशों में विस्तार किया गया और कतर ने जापान को हराकर 3-1 से फाइनल जीता था।

6. भारत की **जूनियर महिला हॉकी टीम** ने **कैंटोर फिट्जगेराल्ड अंडर 21** इंटरनेशनल 4-नेशंस खिताब **डबलिन, आयरलैंड** में जीता।
   **नोट:** इस जीत के साथ भारत ने टूर्नामेंट को एक बेदाग रिकॉर्ड के साथ समाप्त किया। चार मैचों में तीन गोल के साथ, मुमताज खान टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं।
7. **फीफा महिला विश्व कप 2019** (8वां संस्करण) **फ्रांस में** शुरू हुआ।
   **नोट:** हर चार वर्ष में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय महिला चैंपियनशिप में 24 देशों की राष्ट्रीय महिला टीम भाग लेंगी (6 संघों से)। चैंपियनशिप पूरे फ्रांस के नौ शहरों में आयोजित होगी। मार्च 2015 में, फ्रांस ने इस प्रतियोगिता की मेजबानी का अधिकार हासिल किया, फ्रांस पहली बार टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, और यह तीसरी बार है जब कोई यूरोपीय राष्ट्र प्रतियोगिता का आयोजन करेगा।
8. **12वां** फ्रेंच ओपन पुरुष एकल खिताब **राफेल नडाल** ने हासिल किया।
   **नोट:** उन्होंने चौथी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम को लगातार तीसरे वर्ष 6-3, 5-7, 6-1, 6-1 से हराया। इसके साथ, नडाल एक ही ग्रैंड स्लैम में 12 एकल खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी और कुल 18 बड़े खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बने।
9. वर्ष **2019 का फ्रेंच ओपन महिला** एकल खिताब **एश्ले बार्टी ने** हासिल किया।
   **नोट:** ऑस्ट्रेलिया की **एश्ले बार्टी** (23 वर्षीय) ने फ्रेंच ओपन के फाइनल में मार्केटा वांड्राउसोवा को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता। एश्ले बार्टी ने चेक गणराज्य की खिलाड़ी वांड्राउसोवा के खिलाफ पेरिस क्ले कोर्ट पर 6-1 6-3 से मैच जीता। अब वह वर्ष 1973 में मार्गरेट कोर्ट के बाद रोलैंड गैरोस में एकल खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं।
10. 2019 **कनाडाई ग्रां प्री** में रिकॉर्ड सातवीं जीत **लुईस हैमिल्टन ने** हासिल की।
   **नोट:** सेबस्टियन वेटेल पर खतरनाक ड्राइविंग के लिए पेनाल्टी लगाई गई। रेस के दौरान, ब्रिटश चालक से आगे निकलने की प्रक्रिया में ट्रैक में दोबारा शामिल होते समय वेटेल और हैमिल्टन दोनों के बीच सीधा मुकाबला था, जब वेटेल गलती से घास के पार चले गए।इस कारण प्रबंधकों ने जर्मन चालक पर पांच-सेकंड रेस टाइम की पेनल्टी लगाई।फेरारी ने वेटेल को दी गई पांच-सेकंड की पेनाल्टी के फैसले के खिलाफ अपील की, जिसकी वजह से वे रेस हार गए।
11. भारतीय क्रिकेटर जिन्होंने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा **युवराज सिंह ने** की।
   **नोट:** युवराज ICC द्वारा स्वीकृत विदेशी ट्वेंटी-20 लीग में स्वतंत्र रूप से खेलेंगे। ट्वेंटी-20 क्रिकेट में पहली बार, युवराज ने डरबन में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए सुपर 8 मैच में स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में 6 छक्के लगाए थे। वह वर्ष 2007-2008 के बीच भारतीय एकदिवसीय टीम के उप-कप्तान थे। अनुभवी क्रिकेटर ने 304 एकदिवसीय, 40 टेस्ट, और 58 T20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में कुल 11,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय रन बनाए हैं।
12. **भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ** (GFI) ने **उलानबतोर, मंगोलिया में** आयोजित होने वाली सीनियर एशियन आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की घोषणा की।
   **नोट:** चार पुरुषों की टीम में राकेश कुमार पात्रा, योगेश्वर सिंह, देबांग डे और एरिक डे शामिल हैं।महिला टीम में प्रणति नायक, श्रद्धा तालेकर, प्रणति दास और पापिया दास हैं।
13. **भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम** ने **2020 टोक्यो ओलंपिक** खेलों के लिए **कोटा** हासिल किया।



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

**नोट:** भारतीय टीम (तरुणदीप राय, अतनु दास और प्रवीण जाधव) ने नीदरलैंड में कनाडा पर 5-3 से जीत करते हुए विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।2012 के लंदन ओलंपिक के बाद यह पहली बार है जब भारतीय पुरुष टीम ने कोटा हासिल किया।

14. भारतीय **पुरुषों की रिकर्व टीम** ने **नीदरलैंड** में स्थित डेन बॉश में **तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप** में **रजत पदक** जीता।

**नोट:** तरुणदीप राय, अतनु दास और प्रवीण की भारतीय तिकड़ी अंतिम मुकाबले में डिंग येलियांग, वेई शॉक्सुआन और फेंग हाओ की चीनी टीम से 6-2 से हार गई। भारत ने महिला कंपाउंड टीम प्रतिस्पर्धा और व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धाओं में एक रजत और दो कांस्य पदक के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

15. एशियाई चैंपियन जिन्होंने स्वीडन के सोलेन्तुना में आयोजित **फॉल्कसैम ग्रैंड प्रिक्स** में महिलाओं की **1500 मीटर दौड़** में स्वर्ण जीता -- **पी.यू. चित्रा।**

**नोट:** उन्होंने 4 मिनट 12.65 सेकंड (4:12.65) में दौड़ समाप्त करते हुए सीजन में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ समय दर्ज कराया। वह अप्रैल, 2019 में कतर के दोहा में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता हैं। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारत के जिंसन जॉनसन ने पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में 3:39.69 समय में रजत जीता।

16. **विश्व तीरंदाजी संस्था** ने **भारतीय तीरंदाजी संघ** (AAI) को एक सदस्य के रूप में अपनी सूची से हटाया और एक महीने में अपनी समस्याओं को हल करने का समय दिया या किस दंड का सामना करने को कहा -- **निलंबन।**

**नोट:** विश्व तीरंदाजी (WA) AAI के निलंबन पर निर्णय लेने से पहले अगले महीने की 31 तारीख तक इंतजार करेगा। WA, AAI के विवादास्पद चुनावों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करेगा। AAI को सूची से बाहर करने के फैसले से भारतीय तीरंदाजों को प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय ध्वज के तहत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से नहीं रोका जाएगा, जिसके लिए प्रविष्टियां पहले ही की जा चुकी हैं।

17. **भारतीय तीरंदाजी संघ** (AAI) में जारी गड़बड़ी को हल करने के लिए विश्व तीरंदाजी ने **अभिनव बिंद्रा** को एक निष्पक्ष व्यक्ति के रूप में नियुक्त किया।

**नोट:** यह नियुक्ति वैश्विक संस्था द्वारा AAI को चंडीगढ़ और नई दिल्ली में सर्वसम्मति से दो समानांतर संस्थाएं निर्वाचित करके संविधान का उल्लंघन करने के लिए संघो की सूची से हटाने के एक दिन बाद हुई। यह **निलंबन भारतीय तीरंदाजों** को एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप, ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतिस्पर्धाओं सहित किसी भी विश्व प्रतियोगिता में भाग लेने से रोकेगा।

18. दोहा में 35वीं पुरुष एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप **पंकज आडवाणी ने** हासिल की।

**नोट: पंकज आडवाणी** ने दोहा में **35वीं पुरुष एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप** हासिल करते हुए खेल में अपना करियर ग्रैंड स्लैम प्राप्त किया। वह फाइनल में थानावत तिरापोंगपाइबून को 6-3 से हराकर सभी प्रारूपों में एशियाई और विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी बन गए।

19. भारतीय महिला हॉकी टीम ने **जापान में** आयोजित FIH सीरीज फाइनल जीता।

**नोट: भारतीय महिला हॉकी टीम** ने जापान के हिरोशिमा हॉकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में जापान को 3-1 से हराकर महिलाओं का **FIH सीरीज फाइनल हॉकी टूर्नामेंट** जीता। महिला FIH सीरीज 24 टीमों (5 परिसंघों से) की हॉकी सीरीज प्रतियोगिता के 2018-19 संस्करणों का दूसरा चरण है। प्रत्येक प्रतियोगिता से शीर्ष दो टीमों ने 2019 FIH ओलंपिक क्वालीफायर के लिए क्वालीफाई किया।

20. फ्रेंच ग्रैंड प्रिक्स 2019 जीतने वाले वर्ल्ड ड्राइवर्स चैंपियन -- **लुईस हैमिल्टन।**



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

**नोट:** 2019 FIA फॉर्मूला वन विश्व चैंपियनशिप फॉर्मूला वन कारों के लिए आयोजित मोटर रेसिंग चैंपियनशिप है, जो फॉर्मूला वन विश्व चैंपियनशिप का 70वां आयोजन है।

**21.** पुरुषों की एकल क्वीन क्लब चैंपियनशिप जीतने वाले स्पेन के टेनिस खिलाड़ी -- **फेलिसियानो लोपेज।**

**नोट:** उन्होंने गाइल्स सिमोन को पराजित किया। पुरुष युगल में, एंडी मरे और फेलिसियानो लोपेज ने राजीव राम और जो सेलिसबरी को 7-6 (8-6) 5-7 10-5 से हराकर पुरुष युगल क्वीन क्लब चैंपियनशिप जीती।

**22.** भारत की जूनियर महिला टीम को **ब्लैक फॉरेस्ट कप** में सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया।

**नोट:** मुक्केबाजी में, भारत की जूनियर महिला मुक्केबाजों ने सात पदक (स्वर्ण पदक - 5) हासिल किए, जबकि टीम को जर्मनी के विलिनगेन-श्वेनिनगेन में आयोजित **ब्लैक फॉरेस्ट कप** में टूर्नामेंट की **सर्वश्रेष्ठ टीम** के खिताब से सम्मानित किया गया। हरियाणा की नेहा (54 किग्रा) और कर्नाटक की अंजू देवी (50 किग्रा) ने टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज और होनहार खिलाड़ी का सम्मान हासिल किया। भारत, यूक्रेन, जर्मनी, कजाकिस्तान, लातविया, हंगरी, लिथुआनिया, मंगोलिया, ग्रीस और पोलैंड सहित दस देशों ने इस टूर्नामेंट में भाग लिया।

**23.** भारत के 63वें ग्रैंडमास्टर चुने गए कर्नाटक के शतरंज खिलाड़ी - **गिरीश ए. कौशिक।**

**नोट:** वह U-8, U-10, U-12, U-14 और U-16 आयु वर्ग की श्रेणियों में एशियाई स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के एकमात्र शतरंज खिलाड़ी हैं। गिरीश ने मई के अंत में मलोरका में अपना दूसरा और पिछले सप्ताह बुडापेस्ट में तीसरा ग्रैंडमास्टर मानदंड पूरा किया था। विश्व प्रसिद्ध शतरंज खिलाड़ी श्री **विश्वनाथन आनंद भारत के पहले ग्रैंडमास्टर** थे।ग्रैंडमास्टर (GM) **विश्व शतरंज संगठन 'FIDE'** द्वारा शतरंज खिलाड़ियों को दिया जाने वाला एक खिताब है।

**24.** **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति** (IOC) ने समस्याओं से घिरी किस विश्व मुक्केबाजी संस्था से ओलंपिक दर्जा छीन लिया -- **AIBA.**

**नोट:** अब IOC, 2020 टोक्यो खेलों के लिए क्वालीफाइंग और फाइनल टूर्नामेंट आयोजित करेगा। IOC के सदस्यों ने AIBA का ओलंपिक दर्जा समाप्त करने के लिए पिछले महीने कार्यकारी बोर्ड की सिफारिश के समर्थन में मतदान किया था।इसे टोक्यो राजस्व से भविष्य में होने वाली आय से अलग किया गया है, और रूस में आयोजित होने वाली पुरुषों और महिलाओं की 2019 विश्व चैंपियनशिप अब ओलंपिक क्वालीफायर नहीं हैं।

**25.** नई दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज से निशानेबाजों के माता-पिता और व्यक्तिगत कोचों पर प्रतिबंध लगाने वाला अपना विवादास्पद सर्कुलर **भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) ने** वापस ले लिया।

**नोट:** हाल ही में, अधिकारियों द्वारा जारी एक आदेश ने शूटिंग रेंज के अंदर माता-पिता और कोचों की आवाजाही को प्रतिबंधित कर दिया था, जिससे विवाद उत्पन्न हो गया था। हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय दिशानिर्देशों के अनुसार, उन्हें खेल के मैदान पर अनुमति नहीं दी जाएगी।

**26.** भारत क्रिकेट टीम के कप्तान **विराट कोहली ने** सबसे तेज 20,000 अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने वाले बल्लेबाज बने।

**नोट:** विराट कोहली (131 टेस्ट, 223 एकदिवसीय और 62 T20I) सचिन तेंदुलकर (453 पारी) और ब्रायन लारा (453 पारी) के रिकॉर्ड को तोड़कर सबसे तेज 20,000 अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। अब विराट कोहली **सचिन तेंदुलकर (34,357 रन)** और **राहुल द्रविड़ (24,208 रन)** के बाद 20,000 अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने वाले 12वें बल्लेबाज और तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। विराट कोहली **सबसे तेज 11,000 एकदिवसीय रन बनाने वाले खिलाड़ी** पहले ही बन चुके हैं।विराट कोहली ने अभी तक एकदिवसीय क्रिकेट (C-66 और HC-93) में 11,124 रन और टेस्ट क्रिकेट में 6,613 रन और T20I में 2,263 रन बनाए हैं।



SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

**27.** दक्षिण-पूर्व एशियाई देश **2034 फुटबॉल विश्व कप** की मेजबानी के लिए मिलकर बोली लगाएंगे।

**नोट:** थाईलैंड के प्रधान मंत्री प्रायुत चान-ओचा ने आसियान राष्ट्रों को अपने देशों में फुटबॉल संघों को प्रोत्साहित करने के लिए टूर्नामेंट की मेजबानी हेतु आमंत्रित किया। एशिया महाद्वीप में फीफा विश्व कप केवल एक बार आयोजित किया गया है जब वर्ष 2002 में जापान और दक्षिण कोरिया ने विश्व कप की संयुक्त मेजबानी की थी। **कतर वर्ष 2022** में इसे एशिया में दूसरी बार आयोजित करेगा। आसियान देश कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम और ब्रुनेई हैं।

**28.** पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने वाले इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज **मार्कस ट्रेस्कोथिक है।**

**नोट:** ट्रेस्कोथिक ने वर्ष 2000 से 2006 के बीच 76 टेस्ट मैचों और 123 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 43.79 की औसत से 5,825 रन बनाए। उन्होंने समरसेट काउंटी क्रिकेट क्लब के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला।

**29.** **शीतकालीन ओलंपिक 2026** की मेजबानी के लिए **मिलान-कोर्टीना (इटली) को** चुना गया।

**नोट:** यह इटली में आयोजित होने वाला चौथा ओलंपिक खेल और मिलान द्वारा आयोजित किया जाने वाला पहला ओलंपिक खेल होगा। 2026 शीतकालीन ओलंपिक खेल 6 से 22 फरवरी, 2026 तक इटली में आयोजित होंगे।

| क्रमांक | ओलंपिक | शहर/देश |
|---|---|---|
| 1. | 2020 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक | टोक्यो, जापान |
| 2. | 2022 शीतकालीन ओलंपिक | बीजिंग, चीन |
| 3. | 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक | पेरिस, फ्रांस |
| 4. | 2026 शीतकालीन ओलंपिक | मिलान-कोर्टीना, इटली |

--------------0--------------



SSC 2019 प्लस पैक फ्री मॉक लें

# SSC 2019 प्लस पैक

1. 600+ टेस्ट नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित
2. हिंदी तथा इंग्लिश में उपलब्ध
3. ऑल इंडिया रैंक और प्रदर्शन विश्लेषण
4. समाधान का विस्तृत विवरण
5. टॉपिक टेस्ट & विडियो कोर्स
6. वेब और मोबाइल पर उपलब्ध

gradeup